वर्ष -09, अंक -312, पृष्ठ- 8 मूल्य : 02 रूपये

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज , सोमवार, 26 फरवरी, 2024

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

Download From Google Play Adhunik Samachar

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति पद की रेस में एक कदम और आगे बढ़े डोनाल्ड ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ में डोनाल्ड ट्रंप को बड़ी सफलता मिली है। डोनाल्ड ट्रंप ने साउथ कैरोलिना में हुए रिपब्लिकन प्राइमरी चुनाव जीत लिया है। उन्होंने निक्की हेली को उनके गृह राज्य में मात दी है। 2024 अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं। इस चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप अपने प्रतिद्वंदियों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। ट्रंप ने साउथ कैरोलिना में हुए रिपब्लिकन प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की है। उन्होंने साउथ कैरोलिना की पूर्व गर्वनर निक्की हेली को मात दी है। इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति आयोवा न्यू हैम्पशायर नेवादा यूएस वर्जिन आइलैंड्स में जीत दर्ज कर चुके हैं।समाचार एजेंसी एपी के मुताबिक, डोनाल्ड ट्रंप ने इससे पहले आयोवा, न्यू हैम्पशायर, नेवादा, यूएस वर्जिन आइलैंड्स और निक्की हेली के गृह राज्य साउथ कैरोलिना में जीत हासिल की है। इस जीत के साथ ही ट्रंप राष्ट्रपति पद की दौड़ में एक



कदम और आगे बढ़ गए हैं।डोनाल्ड ट्रंप से साउथ कैरोलिना में मिली हार के बाद निक्की हेली ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मैंने पहले ही यह साफ कर दिया है कि कैरोलिना में चाहे कुछ भी हो जाए, मैं राष्ट्रपति पद की रेस को आगे भी जारी रखूंगी। मैं अपने शब्दों पर कायम रहने वाली महिला हूं।पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की जीत से निक्की हेली पर दबाव बढ़ेगा, जो 2011 से 2017 तक साउथ कैरोलिना की पूर्व गर्वनर थीं। हालांकि, उन्होंने साउथ कैरोलिना में मिली हार के बाद 5 मार्च को होने वाले 'सुपर मंगलवार' के जरिये राष्ट्रपति पद की रेस में बने रहने का संकल्प लिया है।

## गांव में रहने वाली महिलाएं भी उड़ाएंगी ड्रोन मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने लखपति दीदी योजना का किया जिक्र

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम को किसी की जुबान पर नमो ड्रोन दीदी नमो ड्रोन दीदी ये चल पड़ा है।देशवासियों को संबोधित करते




संबोधित कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने नारी शक्ति की अहमियत का जिक्र किया है। देशभर में 8 मार्च को महिला दिवस के रूप में मनाया जाएगा। यह मन की बात का 110वां एपिसोड है।पीएम मोदी ने मन की बात को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ वर्ष पहले तक किसने सोचा था कि हमारे देश में गांव में रहने वाली महिलाएं भी ड्रोन उड़ाएंगी। लेकिन आज ये संभव हो रहा है। आज तो गांव-गांव में ड्रोन दीदी की इतनी चर्चा हो रही है हर हुए पीएम मोदी ने कहा,कुछ वर्ष पहले तक किसने सोचा था कि हमारे देश में, गांव में रहने वाली महिलाएं भी ड्रोन उड़ाएंगी। लेकिन आज ये संभव हो रहा है। आज तो गांव-गांव में ड्रोन दीदी की इतनी चर्चा हो रही है, हर किसी की जुबान पर नमो ड्रोन दीदी, नमो ड्रोन दीदी ये चल पड़ा है। हर कोई इनके विषय में चर्चा कर रहा है।ठपीएम मोदी ने आगे कहा, आज देश में कोई भी क्षेत्र नहीं है, जिनमें देश की नारी-शक्ति पीछे रह गई हो।

## ॅत मुद्दों को सूचीबद्ध करने में देरी न्याय की गुणवत्ता को करती है प्रभावित

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस मदन बी लोकुर ने शनिवार को कहा कि नोटबंदी, अनुच्छेद 370 जैसे ज्वलंत मुद्दों को पूरी तरह असरहीन हो चुका है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन से पहले हमने कई चीजों पर चर्चा की लेकिन जिन चीजों पर हमने चर्चा की क्या हम उन्हें किसी मीडिया में पढ़ते



सूचीबद्ध करने में लंबी देरी न्याय की गुणवत्ता को प्रभावित करती है। साथ ही इस धारणा को भी बल मिलता है कि कुछ गड़बड़ है। उन्होंने कहा कि मामलों को सूचीबद्ध करने में देरी की समस्या कोई नई बात नहीं है और यह बहुत लंबे समय से है खासकर सुप्रीम कोर्ट में।पूर्व जस्टिस कुरियन जोसेफ ने मीडिया पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र संविधान और सच्चाई की रक्षा करने में विफल रहा है। लोकतंत्र के लिए यह सबसे बड़ा झटका है कि उसका चौथा स्तंभ हैं।न्यायिक जवाबदेही और सुधार अभियान (सीजेएआर) द्वारा यहां आयोजित एक सेमिनार में उन्होंने कहा कि नोटबंदी, अनुच्छेद-370 और राजनीतिक फंडिंग के लिए चुनावी बांड जैसे मामले कई वर्षों के बाद सुनवाई के लिए शीर्ष अदालत में सूचीबद्ध किए गए। उन्होंने कहा- '' नोटबंदी से संबंधित मुद्दा शायद चार या पांच साल बाद सूचीबद्ध हुआ। इसी तरह चुनावी बांड से संबंधित मुद्दा भी पांच साल बाद सूचीबद्ध हुआ।

## मां कामाख्या के परिसर का होगा कायाकल्प काशी-उज्जैन के बाद बनेगा तीसरा सबसे बड़ा कॉरिडोर

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** देश के खूबसूरत काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और महाकाल कॉरिडोर के बाद अब मां कामाख्या मंदिर की बारी है। असम के गुवाहाटी में स्थित 51 शक्तिपीठों में शामिल मां कामाख्या देवी मंदिर अब 'दिव्य लोक' बनने जा रहा है। दरअसल, इस महीने की शुरुआत में प्रधानमंत्री ने इस कॉरिडोर की आधारशिला रख दी है।मां कामाख्या मंदिर के अलावा नीलांचल पर्वत पर कई और मंदिर स्थित हैं। मां कामाख्या देवी मंदिर के साथ ही इन सभी मंदिरों का भी विकास होगा। इन मंदिरों में मातंगी कमला त्रिपुर सुंदरी काली तारा भुवनेश्वरी बगलामुखी छिन्नमस्ता भैरवी धूमावती देवियों और दशमहाविद्या के मंदिर शामिल हैं। मां कामाख्य मंदिर कॉरिडोर बनाने का उद्देश्य असम में पर्यटन को बढ़ावा देना है।पिछले साल, राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मां कामाख्या कॉरिडोर कैसा दिखेगा इसकी एक झलक साझा की थी। मां कामाख्या दिव्य परियोजना को पूर्वोत्तर क्षेत्र गलियारे की रूपरेखा बहुत पहले ही तैयार कर ली गई है, जिसकी पहली झलक असम के मुख्यमंत्री



के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल योजना के तहत मंजूरी दी गई है। इस कदम का उद्देश्य राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देना भी है।मां कामाख्या मंदिर कॉरिडोर देश का तीसरा सबसे बड़ा कॉरिडोर बनने जा रहा है। काशी विश्वनाथ और उज्जैन महाकाल कॉरिडोर के बाद मां कामाख्या गलियारे का स्थान होगा। मां कामाख्या हिमंत बिस्वा सरमा ने एक वीडियो पोस्ट कर दिखाई थी।कॉरिडोर का शुरुआती डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर लिया गया है, जिसके मुताबिक 15वीं शताब्दी के मंदिर को 21 सदी के हिसाब से तैयार किया जाएगा।मां कामाख्या मंदिर कॉरिडोर को 498 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जाएगा।

## लोकसभा चुनाव से पहले सीएम ने शुरू किया सीटों का आवंटन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**चेन्नई।** आइएनडीआइए के प्रमुख घटक द्रमुक ने सहयोगियों को सीटों का आवंटन शुरू कर दिया है। पार्टी ने शनिवार को आइयूएमएल और केएमडीके को एक-एक लोकसभा क्षेत्र आवंटित की।द्रमुक ने सहयोगियों को सीटों का आवंटन शुरू कर दिया है। लोकसभा चुनाव के लिए सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू करने के कुछ हफ्तों बाद पार्टी मुख्यालय अन्ना अरिवलयम में डीएमके अध्यक्ष और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और गठबंधन दलों के नेताओं ने सीट साझा समझौते पर हस्ताक्षर किए।वहीं मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक और भाजपा ने अभी तक अपने सहयोगियों की घोषणा नहीं की है।वहीं, मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक और भाजपा ने अभी तक अपने सहयोगियों की घोषणा नहीं की है। द्रमुक की सहयोगी रही इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आइयूएमएल) को दक्षिणी तमिलनाडु में रामनाथपुरम आवंटित किया गया है। द्रविड़ ने पश्चिम-तमिलनाडु स्थित साझेदार कोंगुनाडु मक्कल देसिया काची के लिए नामक्कल क्षेत्र निर्धारित किया।

## दिल्ली-यूपी और बिहार में आज से फिर बदलेगा मौसम मैदानी क्षेत्रों में बारिश तो पहाड़ों पर बर्फबारी के आसार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** उत्तर भारत के कई राज्यों में सुबह और शाम के समय ठंड का सिलसिला बरकरार है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली-ॅ समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में आज मौसम साफ रहेगा। हालांकि, मौसम शुष्क रहेगा। हालांकि, पश्चिमी हवाओं के कारण सुबह-शाम के समय ठंड का सिलसिला बरकरार रहेगा। इसके अलावा 27 फरवरी से राज्य के कई जिलों में हल्की वर्षा के आसार हैं।वहीं, उत्तर प्रदेश के कई जिलों में अगले कुछ दिनों



विभाग ने 26 और 27 फरवरी को मध्य भारत में बारिश व ओलावृष्टि और पश्चिमी हिमालय में बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई है।मौसम विभाग ने 26 और 27 फरवरी को मध्य भारत में बारिश व ओलावृष्टि और पश्चिमी हिमालय में बारिश व बर्फबारी की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में रविवार को आकाश साफ रहेगा। इसके अलावा बिहार में अगले दो दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा। साथ ही उत्तर प्रदेश के कई जिलों में अगले कुछ दिनों के दौरान बारिश के आसार हैं।बिहार का मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार, बिहार में अगले दो दिनों तक मौसम के दौरान मौसम विभाग ने बारिश की संभावना जताई है। छ्य्ड के मुताबिक, बर्फीली हवाओं के कारण प्रदेश के मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। 26 फरवरी से मौसम में बदलाव होगा और 27, 28 फरवरी तक हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं।इसके अलावा उत्तराखंड में भी मौसम का मिजाज बदला हुआ है। शनिवार को हुई बर्फबारी से उत्तराखंड में ठंड बढ़ने लगी है। मौसम विभाग ने पर्वतीय क्षेत्रों में पाला पड़ने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही छ्य्ड ने ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और चमोली, पिथौरागढ़ व उत्तरकाशी में वर्षा की संभावना जताई है।

## एक जुलाई से आई पी और सी आर पी की जगह लागू होंगे तीन नए कानून

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** औपनिवेशिक आपराधिक न्याय प्रणाली की जगह भारतीय न्याय प्रणाली के नए युग का एक जुलाई से आगाज हो जाएगा। सरकार ने शनिवार को बताया कि तीन नए आपराधिक कानून एक जुलाई से हो जाएगा। सरकार ने शनिवार तीन नए आपराधिक कानून से लागू होने की तारीख का एलान किया। बता दें कि सरकार ने बताया कि भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय न्याय संहिता 2023 एक जुलाई 2024 से लागू




लागू होंगे और यह औपनिवेशिक आपराधिक न्याय प्रणाली की जगह लेंगे।औपनिवेशिक आपराधिक न्याय प्रणाली की जगह भारतीय न्याय प्रणाली के नए युग का एक जुलाई से आगाज होंगे।समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय न्याय संहिता 2023, एक जुलाई, 2024 से लागू होंगे।

## पीएम मोदी आज सुदर्शन सेतु ब्रिज का करेंगे उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** किसानों के दिल्ली कूच करने के एलान के बाद 12 दिन पहले बंद की गई सीमाओं को खोलने का काम शुरू कर दिया गया है। शनिवार से सीमाओं पर ढिलाई बरती जाने लगी है। टीकरी सीमा को खोलने का शुरू कर दिया गया है। वहीं सिंघु सीमा पर दोनों तरफ की सर्विस लेने खोलने का काम भी शुरू कर दिया गया है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज द्वारका दौरे पर रहने वाले हैं। पीएम इस दौरान सुदर्शन सेतु पुल का उद्घाटन करेंगे। पीएम इसी के साथ राजकोट जाएंगे और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के इनडोर-रोगी विभाग का उद्घाटन ग्वादर तक परियोजना शुरू करने का समर्थन किया है।आइएनडीआइए के प्रमुख घटक द्रमुक ने सहयोगियों को सीटों का आवंटन शुरू कर दिया है। पार्टी ने शनिवार को आइयूएमएल और केएमडीके को एक-एक लोकसभा क्षेत्र आवंटित की।अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू करने के कुछ हफ्तों बाद पार्टी मुख्यालय अन्ना अरिवलयम में डीएमके अध्यक्ष और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और गठबंधन दलों के नेताओं ने सीट साझा समझौते पर हस्ताक्षर किए।आईसीएसआई ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर इस



करेंगे।पाकिस्तान में पहले चरण के निर्माण में कई वर्षों की देरी के बाद अंतरिम सरकार ने परियोजना को स्वीकृति दी है। यह कदम आम चुनाव के बाद नई सरकार के कार्यभार संभालने के कुछ दिन पहले उठाया गया है। सरकार ने पेट्रोलियम डिवीजन की सिफारिश पर कार्य करते हुए प्रारंभिक चरण में पाकिस्तान-ईरान सीमा से बलूचिस्तान प्रांत के बंदरगाह शहर संबंध में एक आधिकारिक अधिसूचना भी जारी की है। इसके मुताबिक सीएस प्रोफेशनल प्रोगाम सुबह 11 बजे जारी किए जाएंगे। वहीं सीएस एग्जीक्यूटिव परीक्षा के नतीजे दोपहर 2 बजे जारी किए जाएंगे। आईसीएसआई दिसंबर सत्र के लिए नतीजों के साथ-साथ आईसीएसआई दोनों पाठ्यक्रमों के लिए पास प्रतिशत और टॉपर्स लिस्ट भी रिलीज करेगा।

## मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने राज्य सरकार पर लगाया आरोप

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**जालना।** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने राज्य सरकार पर सरकारी नौकरियों और शिक्षा में समुदाय के लिए कि सरकार उनके प्रयासों को विफल करने के लिए चाल चल रही है।अंतरवाली सरती गांव में मीडिया से कहा कि वह रविवार को अपने अगले कदम के बारे में



आरक्षण के लिए चल रहे उनके आंदोलन को कमजोर करने के लिए साजिश रचने का आरोप लगाया।राज्य सरकार पर मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने सरकारी नौकरियों और शिक्षा में समुदाय के लिए आरक्षण के लिए चल रहे उनके आंदोलन को कमजोर करने के लिए साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने समुदाय के लोगों से एकत्र होने का आह्वान किया और यह भी आरोप लगाया बताएंगे। उन्होंने समुदाय के लोगों से एकत्र होने का आह्वान किया।उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार उनके प्रयासों को विफल करने के लिए चाल चल रही है। उन्होंने कुनबी मराठों के रक्त संबंधियों पर अधिसूचना को कानून में बदलने में देरी पर सवाल उठाया। जरांगे ने राज्य के गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस के इशारे पर मराठा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मामले दर्ज करने का भी आरोप लगाया।

## भाजपा ने रायबरेली और मैनपुरी सीट के लिए बनाई खास रणनीति

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** 2024 भाजपा ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में पांच राज्यों की कोर ग्रुप की बैठक की। 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए बीजेपी मुख्यालय में पांच राज्यों की कोर ग्रुप की बैठक बुलाई गई थी। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह और संगठन महासचिव बीएल संतोष की मौजूदगी में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अगुवाई में बैठक हुई। 2024 भाजपा की उत्तर प्रदेश कोर ग्रुप की बैठक में हारी हुई सीटों को लेकर चर्चा मौजूद गृह मंत्री अमित शाह और कोर ग्रुप के अन्य सदस्यों के साथ संदेशखाली में हुई बर्बरता पर भी चर्चा की।सबसे पहले उत्तर प्रदेश कोर ग्रुप की बैठक आयोजित की गई। सूत्रों के मुताबिक यूपी को लेकर हुई बैठक में हारी हुई सीटों को लेकर चर्चा हुई। रायबरेली और मैनपुरी सीट के लिए खास रणनीति बनाई गई। एमएलसी चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई।इस बैठक के दौरान गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और संगठन महासचिव बीएल संतोष,



हुई है। रायबरेली और मैनपुरी सीट के लिए पार्टी ने खास रणनीति बनाई है। वहीं बंगाल की 42 लोकसभा सीटों पर भाजपा कोई नई चाल चल सकती है। बैठक में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रिजेश पाठक, यूपी के संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह और अन्य मौजूद रहे।

## भारतीय युद्धपोत ने अदन की खाड़ी में मालवाहक जहाज को पहुंचाई मदद मिसाइल हमले के बाद लग गई थी आग

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
पलाऊ के झंडे वाले व्यापारिक जहाज एमवी आइलैंडर पर अदन की खाड़ी में मिसाइल हमले के बाद 22 फरवरी को आग लग गई थी। भारतीय नौसेना ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इसे सहायता पहुंचाई। नौसेना ने कहा कि संकट काल पर प्रतिक्रिया देते हुए नौसेना का विध्वंसक 22 फरवरी की दोपहर जहाज के आसपास पहुंचा। नौसेना ने सैनेटाइज कर जहाज को आगे यात्रा की मंजूरी दी।नौसेना की एक विस्फोटक आयुध निपटान (ईओडी) टीम ने मिसाइल हमले से किसी भी जोखिम से बचने के लिए इसे सैनेटाइज कर जहाज को आगे यात्रा की मंजूरी दी। सैन्य अधिकारियों ने कहा कि जहाज के क्रू सदस्यों में से एक को चोट लगी थी। नौसेना की डाक्टरों की टीम ने उसे सहायता प्रदान की। भारतीय नौसेना ने इस महीने की शुरुआत में सोमालिया के पूर्वी तट पर 11 ईरानी और आठ पाकिस्तानी नागरिकों के चालक दल के साथ एक ईरानी ध्वज वाले मछली पकड़ने वाले जहाज पर समुद्री डकैती के प्रयास को विफल कर दिया था।जनवरी में एक भारतीय युद्धपोत उत्तरी अरब सागर में लाइबेरिया के झंडे वाले जहाज एमवी लीला नोरफोक के अपहरण के प्रयास को विफल कर दिया और उसके फैल गई। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि रूबीमार, ब्रिटिश-पंजीकृत, लेबनान द्वारा संचालित मालवाहक जहाज है, जिस पर 18



ने सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डाकुओं द्वारा हमला किए जाने के बाद ईरानी ध्वज वाले मछली पकड़ने वाले जहाज के 19 पाकिस्तानी चालक दल के सदस्यों को बचाया था। नौसेना ने पांच जनवरी को सभी चालक दल के सदस्यों को बचा लिया था।अमेरिकी सेना ने शनिवार को कहा कि इस महीने बेलीज के झंडे वाले जहाज पर हाउती आतंकियों के हमले के बाद 18 मील (29 किलोमीटर) तक तेल की परत फरवरी को लाल सागर और अदन की खाड़ी को जोड़ने वाले बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य से गुजरते समय हमला किया गया था। जहाज 41,000 टन से अधिक उर्वरक लेकर बुल्गारिया जा रहा था।

डाक पंजीयन नं. AD -326/2024-2026 - website:www.aadhuniksamachar.com – E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com आधुनिक समाचार

# स्कूल के बगल शराब ठेके के खिलाफ पांच साल के बच्चे ने दाखिल की जनहित याचिका

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**प्रयागराज।** कानपुर चिड़ियाघर के पास स्थित स्कूल के बगल में खुले सरकारी शराब के ठेके के खिलाफ पांच साल के बच्चे ने जनहित किया है। पूछा है कि स्कूल के बगल में शराब ठेके का नवीनीकरण हर साल कैसे होता जा रहा है। अदालत 13 मार्च को अगली सुनवाई करेगी यह प्रकरण कानपुर नगर



याचिका दायर की है। पांच साल के बच्चे के द्वारा याचिका दायर किए जाने के मामले को कोर्ट ने संज्ञान में लेते हुए यूपी सरकार से जवाब मांगा है। स्कूल के बगल में खुले ठेके के बाहर आए दिन हो रहे शराबियों के हुड़दंग से तंग एलकेजी में पढ़ने वाले पांच साल के एक बच्चे ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर मदद की गुहार लगाई है। कोर्ट ने बच्चे की जनहित याचिका को स्वीकार करते हुए यूपी सरकार से जवाब तलब में चिड़ियाघर के पास का है। पांच साल का अथर्व दीक्षित आजाद नगर स्थित सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में एलकेजी का छात्र है। स्कूल से 20 मीटर की दूरी पर शराब का ठेका खुला है। नियम के मुताबिक ठेका दिन में 10 बजे के बाद खुलना चाहिए, लेकिन अक्सर यहां सुबह छह सात बजे से ही शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। लोग नशे में हुड़दंग भी करते हैं। पास में रिहायशी बस्ती है, जहां सैकड़ों लोग रहते हैं।

# आयोग पर बढ़ा आरओ-एआरओ परीक्षा निरस्त करने का दबाव पुलिस भर्ती निरस्त होने से और मजबूत हुआ

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**प्रयागराज।** आयोग ने पेपर लीक मामले में अभ्यर्थियों से दो मार्च तक ईमेल पर साक्ष्य मांगे हैं। ऐसे में दो मार्च से पहले आयोग कोई निर्णय नहीं लेने वाला है। इस बीच शासन ने भी अपने स्तर से मामले की जांच शुरू करा दी है और अभ्यर्थियों से नियुक्ति विभाग के ईमेल आईडी पर 27 फरवरी तक पेपर लीक से संबंधित साक्ष्य मांगे गए हैं।पेपर लीक मामले में पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त किए जाने के बाद अब उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) पर आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2023 को निरस्त किए जाने का दबाव बढ़ गया है। दोनों ही परीक्षाओं में पेपर लीक के जो मामले सामने आए हैं, उनमें काफी कुछ समानताएं हैं।हालांकि, आयोग ने पेपर लीक मामले में अभ्यर्थियों से दो मार्च तक ईमेल आईडा पर साक्ष्य मांगे हैं। ऐसे में दो मार्च से पहले आयोग कोई निर्णय नहीं लेने वाला है। इस बीच शासन ने भी अपने स्तर से मामले की जांच शुरू करा दी है और अभ्यर्थियों से नियुक्ति विभाग



के ईमेल आईडी पर 27 फरवरी तक पेपर लीक से संबंधित साक्ष्य मांगे गए हैं।पुलिस भर्ती परीक्षा और आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा में पेपर शुरू होने से कुछ देर पहले प्रश्नपत्र वायरल हुए और कुछ ही देर में प्रश्नपत्रों के उत्तर व्हाट्सएप के माध्यम से लाखों मोबाइल फोन तक पहुंचा दिए गए। पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त होने के बाद अभ्यर्थियों का कहना है कि उन्होंने दोनों ही परीक्षाओं में पेपर लीक होने का दावा किया था। उनका दावा सही साबित हुआ। पुलिस भर्ती परीक्षा की तरह अब आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा भी निरस्त होनी चाहिए।लोकसभा चुनाव से ठीक पहले प्रदेश की दो बड़ी भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक विवाद सामने आने के बाद आयोग को भी अब फूंक-फूंककर कदम आगे बढ़ाना पड़ रहा है। पेपर लीक मामले ने राजनीतिक रंग ले लिया है और आयोग की ओर से जल्दबाजी में लिया गया कोई भी निर्णय नया विवाद पैदा कर सकता है। यही वजह है कि आयोग के साथ अब शासन ने भी आरओ/एआरओ पेपर लीक विवाद में अपने स्तर से परीक्षण शुरू कर दिया है।

# लोकसभा चुनाव में पीढ़ी परिवर्तन का फार्मूला अपना सकती है भाजपा

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**प्रयागराज।** फूलपुर सीट के मौजूदा सांसद केशरी देवी पटेल के अलावा उनके पुत्र दीपक पटेल, गोल्डी पटेल, डॉ. विक्रम सिंह पटेल, कुमार नारायण के नाम दावेदारों में प्रमुखता से शामिल हैं। इन नेताओं के होर्डिंग, पोस्टर भी लग रहे हैं। कहा जा रहा है कि नई पीढ़ी को आगे बढ़ाकर भाजपा की कोशिश हर वर्ग से नेतृत्व उभारने की है।हाल के विधान सभा चुनावों में युवा नेताओं के हाथों में कमान सौंपने है। इसके लिए प्रांतीय, केंद्रीय संगठन के साथ ही संघ परिवार की ओर से भी सर्वे कराया गया है।इस महीने के अंतर में कानपुर में होने वाली बैठक में दावेदारों के नाम पर मुहर लग सकती है। फिलहाल फूलपुर और इलाहाबाद संसदीय सीटों पर बेदाग छवि वाले नेताओं को उम्मीदवार बनाने की तैयारी है। जबकि, सीटिंग कंडीडेट भी टिकट बचाने के लिए एडी-चोटी का जोर लगाए हुए हैं।पार्टी के रणनीतिकारों के आगामी लोकसभा




वाली भाजपा अब लोकसभा चुनाव में नए चेहरों को तरजीह देकर पीढ़ी परिवर्तन का फार्मूला अपना सकती है। इसका असर प्रयागराज की दोनों लोकसभा सीटों पर पड़ सकता है। अंदरखाने नए चेहरों के उभार पर पार्टी ने काम शुरू कर दिया चुनाव के लिए नए चेहरों पर दांव लगाने के सियासी समीकरण साधने की कवायद तेज हो गई है। कहा जा रहा है कि पार्टी इस रणनीति इसके सहारे वंशवाद पर तो प्रहार करेगी ही, नए चेहरों को अवसर देकर नया नेतृत्व भी उभारेगी।

# बर्रा में एक घंटे तक चला बवाल

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**कानपुर।** बर्रा थाना प्रभारी दिनेश सिंह विष्ट ने बताया कि घटना में चार लोगों को चोटें आई है। दोनों पक्षों से तहरीर मांगी है, लेकिन अभी तक किसी ने नही दी है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।कानपुर में बर्रा थाना क्षेत्र के मलिकपुरम में शुक्रवार देर रात लेनदेन के विवाद में दो पक्ष आपस में भिड़ गए। लोगों ने एक-दूसरे को सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर



लाठी-डंडों से पीटा। एक घंटे तक बवाल चला। सूचना दिए जाने पर गोविंदनगर पुलिस पहुंची, लेकिन मामला अपने थाना क्षेत्र से संबंधित न होने की बात कहकर आगे बढ़ गई।बर्रा पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इस बीच भ्रमण करते हुए जेब्रा मोबाइल पहुंची और फिर गुजैनी पुलिस पहुंची।

# पीएम मोदी को भा गई काशी की फोटोग्राफी

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**वाराणसी।** पीएम मोदी ने मन की बात के दौरान काशी के फोटोग्राफी खुशी हुई कि अलग- अलग खुबसूरत दृश्य मोबाइल के कैमरे से लिए गए हैं। मन की बात में



प्रतियोगिता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अगले महीने से मन की बात पर ब्रेक लग जाएगा। ऐसे में अब मन की बात 111वें एपीसोड में सुनने को मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में वाराणसी मे हुए फोटोग्राफी प्रतियोगिता कि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वाराणसी प्रवास के दौरान यह देख पीएम मोदी ने कहा कि संभव है मार्च महीने में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू हो जाए। ऐसे में मन की बात का 111वां एपिसोड शुभ अंक के साथ तीन महीने बाद सुनने को मिलेगा। उन्होंने चुनाव को लेकर 18 वर्ष के युवाओं का आह्वान किया कि वह पहली बार मतदान करने के लिए अपना उत्साह बनाए रखें और अपने मत का इस्तेमाल जरूर करें।

# 300 करोड़ से बनेगा 1900 मीटर चौड़ा एलिवेटेड पुल

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**वाराणसी।** पीडीडीयू नगर में बनने वाले इस एलिवेटेड पुल से आम जनता को जाम की समस्या से काफी राहत मिलेगी। सेतु निगम ने पीडब्ल्यूडी की जमीनों को तोड़ने के लिए खर्च का ब्योरा भी विभाग से मांगा है। वहीं, शासन की ओर से एलिवेटेड पुल का डीपीआर मांगा गया है।पीडीडीयू नगर में सुभाष पार्क से चकिया तिराहे तक 16.5 मीटर चौड़ा फोरलेन एलिवेटेड पुल के निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा पुल के नीचे आवागमन के लिए दोनों तरफ सात-सात मीटर की चौड़ी सड़क के अलावा एक-एक मीटर की नाली बनायी जाएगी। शासन के निर्देश पर सेतु निगम डीपीआर तैयार करने में जुटा है। सेतु निगम ने बिजली के पोल, पानी की पाइप लाइन हटाने व मार्ग निर्माण के दौरान पीडब्ल्यूडी की जमीन पर बने भवनों को तोड़ने आदि में खर्च का ब्योरा विभाग से मांगा गया है। इसके मिलते ही डीपीआर भेज दी जाएगी।

# मम्मी-पापा बड़े भैया को ज्यादा करते थे प्यार इसलिए मार डाला

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**प्रयागराज।** प्रयागराज से दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहां छोटे भाई ने बड़े को लोहे की रॉड से पीट-पीटकर मार डाला। आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को




हत्या की चौंकाने वाली वजह बताई है।प्रयागराज जिले से सनसनीखेज वारदात सामने आई है। कैंट थाना इलाके के अशोकनगर में छोटे भाई ने रॉड से सिर पर प्रहार कर बड़े भाई की हत्या कर दी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस की पूछताछ में उसने चौंकाने वाली बात बताई। जानकारी के अनुसार, कैंट के अशोक नगर में एलएलबी के छात्र शिवम मिश्रा (25) की घर में चेहरे पर लोहे की रॉड से वारकर हत्या कर दी गई। आरोप उसके छोटे भाई सत्यम पर है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उसने बताया है कि मम्मी-पापा बड़े भाई को ज्यादा प्यार करते थे, इसलिए उसने मार डाला।हेस्टिंग्स रोड अशोक नगर में रहने वाले संदीप मिश्रा प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनका संयुक्त परिवार है। भाई परिवार समेत भूतल पर, जबकि वह प्रथम तल पर रहते हैं। उनके दो बटों में शिवम बड़ा था, जबकि सत्यम छोटा है। शिवम कर्नलगंज स्थित सोम लॉ कॉलेज से एलएलबी अंतिम वर्ष का छात्र था।

# माघी पूर्णिमा पर संगम स्नान से लौटे श्रद्धालुओं से भरी बस डिवाइडर से टकराई, कंडक्टर का पैर कटा

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**प्रयागराज।** प्रयागराज में शहर के तेलियरगंज इलाके में श्रद्धालुओं से भरी बस पलट गई। हादसे में कई श्रद्धालु घायल हो गए। सभी घायल गोंडा के रहने वाले हैं और संगम स्नान करने के लिए आए थे। शाम को लौटते समय हादसा हो गया। तेलियरगंज में प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर शनिवार शाम माघ मेले से गोंडा जनपद लौट रहे स्नानार्थियों से भरी प्राइवेट बस पलट गई। इसमें दो महिलाओं समेत पांच लोग जख्मी हो गए। घायलों में कंडक्टर भी शामिल है, जिसका एक पैर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। उसे एसआरएन जबकि अन्य घायलों को बेली अस्पताल में भर्ती कराया गया है।गोंडा जनपद से 40-45 की संख्या में श्रद्धालु तीन दिन पहले यानी 21 फरवरी को चित्रकूट व



प्रयागराज आने के लिए एक प्राइवेट बस से निकले। इनमें से अधिकांश कटरा थाना क्षेत्र के पूरेबहोरी, रायपुर फकीर, ठाकुर तिलका गांव के रहने वाले हैं। 22 को चित्रकूट पहुंचकर दर्शन पूजन करने के बाद उसी दिन शाम को माघ मेला क्षेत्र में आ गए और फिर वहीं रुक गए।शनिवार को माघी पूर्णिमा पर सभी ने संगम में स्नान किया और शाम छह बजे के करीब बस से ही गोंडा के लिए वापस जाने को निकले। बस माघ मेला क्षेत्र से करीब चार किमी दूर प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर तेलियरगंज के छावनी क्षेत्र में पहुंची थी कि तभी यह हादसा हो गया। सैन्य क्षेत्र के वीर अब्दुल हमीद द्वार के ठीक सामने बस पलट अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे वहां चीखपुकार मच गई।यह देखकर वहां मौजूद सैन्यकर्मियों ने पुलिस को सूचना देकर बस में फंसे स्नानार्थियों को बाहर निकालना शुरू किया।

आधुनिक
गेस्ट हाउस

- वाटर प्रूफ शेड
- पार्किंग की सुविधा
- मन्दिर की सुविधा
- सी.सी.टीवी.
- छोटे-बड़े कार्यक्रमों के अलग-अलग रेट
- 45000 sq. feet. एरिया
- हरे-भरे वातावरण
- AC कमरा (VIP)






CALL: 9519313894,9415608783, 9415608710

आधुनिक समाचार पब्लिशिंग हाउस, यूपीएसआईडीसी, रेमण्ड रोड, औधोगिक थाने के पीछे भारत पेट्रोलियम के पहले, औधोगिक क्षेत्र, नैनी, प्रयागराज

# सीएम योगी ने विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को वितरित किए नियुक्ति पत्र

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोकभवन में विभिन्न पदों पर चयनित लगभग 1800 अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र बांटे। इन अभ्यर्थियों का चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग एवं विद्युत चयन आयोग द्वारा किया गया है।सरकारी प्रवक्ता के अनुसार, जिन अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया उसमें गृह विभाग में सहायक अभियोजन अधिकारी,



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में दन्त चिकित्सक, आयुष विभाग में आयुर्वेद चिकित्साधिकारी, सचिवालय में समीक्षा अधिकारी हिन्दी/उर्दू, सिंचाई विभाग में अवर अभियन्ता, राजकीय कार्यालय निरीक्षणालय में निरीक्षक, आवास एवं विकास परिषद में अवर अभियन्ता तथा पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड में टेक्नीशियन के पदों पर चयनित अभ्यर्थी हैं।

## अरुण योगीराज ने साझा की रामलला की नई अनदेखी तस्वीर

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**अयोध्या।** रामलला की मूर्ति को बनाने वाले मूर्तिकार अरुण योगीराज ने भगवान राम की एक अनदेखी तस्वीर जारी की है, जिसे को खूब शेयर किया गया। लोगों ने खूब कमेंट भी किए। एक यूजर ने कमेंट में कहा कि बहुत बढ़िया काम है। आप पर बहुत गर्व है।योगीराज ने सोशल मीडिया पर



सोशल मीडिया पर खूब सराहा जा रहा है। यह तस्वीर तब की है, जब वे रामलला की मूर्ति को गढ़ रहे थे। योगीराज ने तस्वीर साझा करते हुए लिखा, मूर्ति तराशते समय। उन्होंने आगे कहा कि सभी बारीकियों को ध्यान में मूर्ति तराशते हुए मैं आश्वस्त था कि अंतिम समय में बड़ा बदलाव आ जाएगा। साझा की गई फोटो में योगीराज भी नजर आ रहे हैं, जिनके हाथ में कोई उपकरण है। फोटो में योगीराज ने रामलला की ठुड्डी पकड़ी हुई है।योगीराज ने सोशल मीडिया पर फोटो साझा की तो लोगों ने पोस्ट को खूब सराहा। पोस्ट साझा करने के एक घंटे के अंदर ही 25 हजार लोगों ने फोटो लाइक कर दी। फोटो फोटो साझा की तो लोगों ने पोस्ट को खूब सराहा। पोस्ट साझा करने के एक घंटे के अंदर ही 25 हजार लोगों ने फोटो लाइक कर दी। फोटो को खूब शेयर किया गया। लोगों ने खूब कमेंट भी किए। एक यूजर ने कमेंट में कहा कि बहुत बढ़िया काम है। आप पर बहुत गर्व है। दूसरे यूजर ने कहा कि यह बहुत सुंदर है। वहीं, तीसरे यूजर ने कहा कि बहुत शानदार काम। रामलला के मूर्ति की खासियत मूर्ति में बाल सुलभ कोमलता, भुजाएं घुटनों तवरामलला की मूर्ति श्याम शिला से बनी है। इसकी आयु हजारों साल होती है, यह जलरोधी है। चंदन, रोली लगाने से मूर्ति की चमक प्रभावित नहीं होगी।पैर की अंगुली से ललाट तक मूर्ति की ऊंचाई 51

## मरीज माफिया का नेपाल कनेक्शन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**गोरखपुर।** गोरखपुर पुलिस ने मरीज-एंबुलेंस माफिया पर अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस को सूचना है कि अब सरगना मनोज निगम समेत उसके कई साथी नेपाल में जाकर छिप गए हैं। पुलिस ने वहां पर भी इनका पता लगा लिया है।मरीज-एंबुलेंस माफिया पर पुलिस कहर बनकर टूटी तो अब सरगना मनोज निगम समेत उसके कई साथी नेपाल में जाकर छिप गए हैं। पुलिस ने वहां पर भी इनका पता लगा लिया है। अब नेपाल पुलिस की मदद से इनकी गर्दन दबोचने की तैयारी है।उनकी गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है, जो आरोपियों को लेकर गोरखपुर आएगी। उधर, दर्ज किए गए केस में फरार चल रहे सात अन्य आरोपियों की तलाश में भी पुलिस ने दबिश दी है।जानकारी के मुताबिक, मेडिकल कॉलेज से मरीजों को बरगलाकर फर्जी नर्सिंग होम में बेचे जाने वाले दो गिरोह का पुलिस पर्दाफाश कर चुकी है।पुलिस ने एक गिरोह में शामिल ईशु अस्पताल के संचालक नितिन यादव, डॉ. रणंजय प्रताप सिंह समेत आठ लोगों को जेल भिजवाया था। जांच में एक और गिरोह का मामला सामने आया। इसमें पुलिस



ने यूनिवर्सल अस्पताल के संचालक उमेश समेत सात लोगों को जेल भिजवाया।इन गुर्गों को जेल भिजवाने के बाद एक बात और सामने आई कि इन दोनों गिरोह में मनोज निगम का दखल है। वहीं, एंबुलेंस से लेकर नर्सिंग होम के बीच सेटिंग करके गिरोह का संचालन कराता है। दोनों ही केस में आरोपी बनाने के साथ पुलिस ने उसकी तलाश तेज की तो वह नेपाल में जाकर छिप गया।इसकी जानकारी अब पुलिस के पास पहुंच चुकी है। एसएसपी की ओर से सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन कर दिया गया है, ताकि जल्द से जल्द इनकी गिरफ्तारी हो सके।

## चलेंगी डबल डेकर बसें, होली के पहले और बाद में यूपी के हर शहर से होगी डायरेक्ट बस सेवा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**अयोध्या।** परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा है कि रामनगरी से गोरखपुर, लखनऊ, काशी व प्रयागराज के ई-बस सेवा जल्द ही शुरू की जाएगी। परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि अयोध्या में जल्द ही डबल डेकर बसों का संचालन शुरू होगा। इससे यहां पर आवागमन के संसाधनों को और विस्तार मिलेगा। रामनगरी से गोरखपुर, लखनऊ, काशी और प्रयागराज के लिए ई-बस सेवा शुरू होगी। होली पर्व के मौके पर चार दिन पहले से चार दिन बाद तक पूरे प्रदेश में स्पेशल बसें चलाई जाएंगी।परिवहन राज्यमंत्री सिंह ने शनिवार को एक बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से देश-विदेश से अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। रोजाना दो से चार लाख तक रामभक्त यहां आ रहे हैं। ऐसे में परिवहन विभाग ने यहां पर आवागमन की बेहतर व्यवस्था देने के सभी प्रयास किए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी यही मंशा है कि रामनगरी में नागरिक परिवहन व्यवस्था ऐसी हो जो अन्य महानगरों के लिए नजीर बने।राज्यमंत्री के अनुसार देश के विभिन्न प्रांतों से आस्था स्पेशल ट्रेनों से आ रहे रामभक्तों के लिए रेलवे स्टेशनों पर 250 ई-बसें लगाई गई हैं। इन बसों से रोजाना हजारों श्रद्धालुओं को टेंट सिटी तक पहुंचाया जा रहा है। फिर उन्हें दर्शन कराने के लिए टेंट सिटी से राम मंदिर के करीब तक पहुंचाने का भी प्रबंध किया जा रहा है। इसके अलावा शहर में 350 ई-बसों का संचालन किया जा रहा है। प्रभु श्रीराम के धाम में किसी भी यात्री को आवागमन में कोई दिक्कत नहीं होने दी जाएगी।

## अयोध्या में कहां खर्च हो रहा रेलवे के सीएसआर का पैसा


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**अयोध्या।** रेल संबंधी स्थायी संसदीय समिति ने शुक्रवार को अयोध्या में बैठक की। समिति ने रेलवे के सामाजिक दायित्व (सीएसआर) फंड से अयोध्या में चल रही परियोजनाओं के बारे में जानकारी की। अयोध्या के कार्यों को लेकर प्रजेंटेशन भी देखा।रेल संबंधी 11 सदस्यीय स्थायी संसदीय समिति की बैठक की अध्यक्षता समिति के चेयरमैन, पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राधा मोहन सिंह ने की। एक होटल में आयोजित बैठक में समिति सदस्यों के साथ रेलवे के बड़े अफसर शामिल थे। दोनों पक्षों ने रेल संबंधी कई बिंदुओं व विषयों पर चर्चा की। सूत्रों की माने तो सीएसआर से अयोध्या में हो रहे कार्यों और भविष्य की योजनाओं को लेकर मंथन किया गया। रेलवे के विकास व प्रगति की नई दिशा पर भी मंथन किया गया। समिति सदस्यों ने सुझाव दिए। राइटस की ओर से प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। चेयरमैन सिंह ने अपने संबोधन में रेलवे के विकास पर फोकस करने की बात कही। चेयरमैन और समिति सदस्यों सदस्यों ने विशेष गाड़ियों के संचालन, देश के प्रत्येक प्रांत से



आने वाले दर्शनार्थियों, भक्तों को दी जाने वाली सुविधा के लिए प्रशंसा की। इसके बाद समिति ने अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। श्रद्धालुओं व भक्तों को दी जाने वाली सुविधा के बारे में जानकारी प्राप्त की।बैठक में समिति सदस्य शताब्दी रॉय, कौशलेंद्र कुमार, मुकेश राजपूत, रमेश चंद्र कौशिक, केसरी देवी पटेल, सुश्री चंद्राणी मुर्मू, नरहरी अमीन, अजीत कुमार भूयन, खिरू महतो, डॉ. प्रशांत नंदा के साथ उप महाप्रबंधक सामान्य उत्तर रेलवे मुख्यालय बड़ौदा हाउस गुंजन भारद्वाज, मंडल रेल प्रबंधक एसएम शर्मा, रेलवे के अन्य अधिकारियों के साथ इरकान, राइट्स, कोनकोर, आईआरएफसी के अधिकारी शामिल थे।

## शिवयोग में मनेगी महाशिवरात्रि, होलिका पर होगा भद्रा का साया; फाल्गुन में पड़ेंगे ये त्योहार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**वाराणसी।** फाल्गुन महीने की शुरुआत आज से हो गई है। इस महीने में महाशिवरात्रि व होली समेत कई व्रत और त्योहार पड़ेंगे। इस महीने की पूर्णिमा पर चंद्रमा फाल्गुनी नक्षत्र में होते हैं जिस महीने की पूर्णिमा पर चंद्रमा फाल्गुनी नक्षत्र में होते हैं जिस कारण इस महीने को फाल्गुन कहा जाता है। काशी विद्वत कर्मकांड परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य अशोक द्विवेदी के अनुसार महाशिवरात्रि पर



कारण इस महीने को फाल्गुन कहा जाता है। माघ पूर्णिमा के समापन के साथ ही हिंदू पंचांग के आखिरी महीने की शुरुआत हो गई है। शादी-विवाह, मुंडन और गृह प्रवेश के साथ ही रंग-बिरंगे त्योहार रंगभरी व होली के साथ ही महाशिवरात्रि भी मनाई जाएगी। महाशिवरात्रि पर शिवयोग समेत चार योग और होली पर ध्रुव योग समेत दो योग श्रद्धालुओं की मनोकामनाओं को पूरा करेंगे।रंग और उमंग के महीने फाल्गुन की शुरुआत 25 फरवरी यानी आज से हो रही है और समापन होली के साथ 25 मार्च को होगा। इस सर्वार्थ सिद्धि योग, शिव योग, सिद्धि योग और श्रवण नक्षत्र का संयोग बन रहा है। सर्वार्थ सिद्धि योग में महाशिवरात्रि का होना शिवजी की विशेष कृपा देने वाला है। इस योग में व्रत और पूजा मनचाही सफलता दिलाएगी। सर्वार्थ सिद्धि योग शुक्रवार को होने से इसका शुभ प्रभाव और भी बढ़ जाता है।पुष्य नक्षत्र में मनेगी रंगभरी एकादशीकाशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सदस्य पं. दीपक मालवीय ने बताया कि रंगभरी एकादशी पर बाबा विश्वनाथ माता का गौना कराकर काशी की गलियों में निकलेंगे।

## मंदुरी एयरपोर्ट से दो मार्च को शुरू हो सकती विमान सेवा, पीएम मोदी ने किया था शिलान्यास

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**आजमगढ़।** लोकसभा चुनाव के पहले आजमगढ़ से मंदुरी एयरपोर्ट पर विमान सेवा शुरू हो जाएगी। पहले चरण में अलीगढ़ से आजमगढ़ के लिए उड़ान भरेगा। मंदुरी एयरपोर्ट को लेकर किसानों की भूमि अधिग्रहण के लिए सर्वे कराया गया था, लेकिन किसानों के विरोध के चलते यह प्रक्रिया पूरी तरह से ठप हो गई थी।आजमगढ़ के मंदुरी एयरपोर्ट से दो मार्च से उड़ान की उम्मीद है। इसके लिए था। वर्ष 2017 में योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने, तो उन्होंने रीजनल कनेक्टिविटी योजना में इसे शामिल किया। अगस्त 2018 में प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के साथ ही मंदुरी हवाई अड्डे का शिलान्यास किया। वर्ष 2019-20 में ही इसका निर्माण पूरा होना था, लेकिन कोरोना संक्रमण के चलते रनवे विस्तारीकरण आदि कार्य समय से पूरा नहीं हो पाया। 20 करोड़ से अधिक लागत से बनने वाले एयरपोर्ट का निर्माण पूरा हो गया है।पूरा हो




प्रशासनिक तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में शामिल रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम 'उड़ान' के तहत विकसित मंदुरी एयरपोर्ट से विमान सेवा शुरू करने की कवायद शासन स्तर से तेज हो गई है। संभावना है कि पहले चरण में दो मार्च को अलीगढ़ से आजमगढ़ के लिए विमान उड़ान भरेगा। उधर, शासन से भी दो मार्च तक मंदुरी एयरपोर्ट को पूर्ण रूप से तैयार करने के लिए निर्देश मिला है।सपा सरकार ने 2005 में मंदुरी हवाई पट्टी का प्रस्ताव भेजा था, जिसके बाद इसका निर्माण हुआ गया है निर्माण कार्यमंदुरी एयरपोर्ट में टर्मिनल बिल्डिंग, एटीसी टॉवर, फायर स्टेशन, बूंब कूलिंग सिस्टम, फायर पिट, बेसिक स्ट्रिप, टैक्सी वे, बाउंड्री वॉल, क्रैश गेट, वॉच टावर, ओएचटी, बोरिंग, मेन गेट का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। वहीं, मंदुरी एयरपोर्ट को डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन से लाइसेंस 16 दिसंबर, 2022 को मिल गया था। इसकी पुष्टि डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन के कार्यवाहक मुकेश कुमार यादव ने की थी। सारी तैयारियां पूरी हो जाने के बाद भी अभी तक जिले का एयरपोर्ट नहीं शुरू हो सका था।

## 12 प्रतिशत से अधिक नमी तो किसान नहीं बेच पाएंगे गेहूं

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**आजमगढ़।** क्रय केंद्रों पर किसानों के गेहूं में अगर 12 प्रतिशत से अधिक नमी मिली तो उनका गेहूं का अनुमोदन हो चुका है। पंजीकरण और सत्यापन का काम भी तेजी से चल रहा है। मंडल के तीनों जनपदों में अब तक 8242



नहीं खरीदा जाएगा। इसके लिए खाद्य एंव रसद विभाग ने गाइडलाइन जारी कर दिया है। ऐसे में किसानों को साफ और सूखा गेहूं ही क्रय केंद्रों पर लेकर जाना होगा।इस बार गेहूं की खरीद अप्रैल की बजाय 15 मार्च से ही शुरू होगी। इसके लिए आजमगढ़ मंडल में विभिन्न एजेंसियों के कुल 203 क्रय केंद्रों किसानों ने गेहूं बेचने के लिए पंजीकरण कराया है। इसमें आजमगढ़ में 3367, मऊ में 1076 और बलिया में 3109 किसान है। उधर खाद्य एवं रसद विभाग ने खरीद होने वाले गेहूं का मानक भी तय किया है। अगर किसान क्रय केंद्र पर गेहूं बेचने आया है तो गेहूं में बारह प्रतिशत से अधिक नमी नहीं होनी चाहिए।

## बांस से बने गोरखनाथ मंदिर में स्थापित करें अपनी आस्था, महिलाओं ने किया तैयार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**गोरखपुर।** गोरखपुर के कैंपियरगंज के कॉमन फेसेल्टी सेंटर में बांस के उत्पादों को तैयार किया जाता है। डीएफओ विकास यादव की पहल पर महिलाओं ने गुरू गोरखनाथ का मंदिर भी बांस से बनाकर तैयार किया। अब ओडीओपी केंद्रों पर इसे रखा जाएगा।घर में पूजा का कमरा और कमरे में पूजा घर आम है, लेकिन वन विभाग की पहल अब इसे खास बनाने जा रही है। अब आप बांस का बना गोरखनाथ मंदिर भी अपने पूजा घर में लाकर उसमें अपनी आस्था और आराध्य को स्थापित कर सकेंगे। प्रयोग के तौर पर सबसे पहले गोरखनाथ मंदिर की शक्ल में बांस का मंदिर बनाया गया है। इससे जहां एक तरफ आपके पूजा घर की रौनक बढ़ेगी वहीं ओडीओपी योजना से जुड़े कारीगरों को रोजगार की खनक भी मिलेगी।शासन की तरफ से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए जिले के कैंपियरगंज में ओडीओपी के तहत बैंबू मिशन की शुरूआत की गई थी। बैंबू मिशन के तहत कॉमन फैसिलिटी सेंटर खोले जाने और इसे संचालित किए गुरू गोरक्षनाथ के मंदिर को तैयार करने की इच्छा जताई। मंशा थी कि अगर महिलाएं इसे मूर्त रुप में तैयार कर सकें तो इस प्रयोग को बाजार के सहारे लोगों के घरों तक



जाने का जिम्मा स्वयं सहायता समूह को दे दिया गया। प्रशिक्षण के बाद यहां समूह की महिलाएं बांस से बनें उत्पाद तैयार करती और उन्हें शहर के ओडीओपी स्टालों पर सजाया जाता।डीएफओ विकास यादव ने पिछले सप्ताह स्वंय सहायता समूह की महिलाओं से पहुंचाया जाए।इसकी सफलता के बाद अयोध्या के प्रभु श्रीराम जी के मंदिर को भी तैयार करवाया जाए। इससे देश-विदेश में लोग गुरू गोरखनाथ और प्रभु श्रीराम मंदिर को अपने घर मंगवा सकेंगे और अपनी आस्था को स्थापित कर सकेंगे।

## घर के लिए मिला सरकारी धन 1300 लाभार्थी कर गए हजम


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**आजमगढ़।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत बन रहे आवासों का सत्यापन हुआ, तो फर्जीवाड़ा सामने आया है। 1300




लाभार्थी घर के लिए मिला सरकारी धन हजम कर गए हैं। इन लाभार्थियों को- 20 करोड़ की धनराशि आवंटित की गई थी।कानपुर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 1300 लाभार्थियों ने घर बनवाने के लिए मिले सरकारी धन को हजम कर लिया है। शासन ने डूडा विभाग से पूर्ण आवासों की सूची मांगी, तो विभाग ने सत्यापन कराया। सत्यापन में पता चला कि इन लाभार्थियों को आवास के लिए एक या दो किस्तें दी गई थीं। करीब 20 करोड़ रुपये इन्हें आवंटित किया गया।

## गजवा-ए-हिंद विवाद किरकिरी के बाद दारुल उलूम ने दिया जवाब


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मेरठ।** गजवा-ए-हिंद का महिमामंडन करने के मामले ने 10 देवबंद एसडीएम अंकुर वर्मा और सीओ अशोक सिसोदिया को मौखिक रूप से जवाब दे दिया



वर्ष बाद तूल पकड़ लिया है। अब दारुल उलूम ने इस मामले को लेकर एसएसपी को लिखित में जवाब दिया है। वहीं 28 फरवरी को तीन दिवसीय बैठक का आयोजन किया जाएगा।गजवा-ए-हिंद को लेकर विवादों में फंसे दारुल उलूम ने अपना लिखित जवाब डीएम और एसएसपी को भेजा है। जिसमें उन्होंने हदीस के हवाले से दिए गए जवाब का उल्लेख किया है।मोहतमिम मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने बताया कि गुरुवार जांच के लिए पहुंचे था। शनिवार को डीएम और एसएसपी को भी एक पेज का लिखित जवाब भेज दिया गया। जो उर्दू और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में है।इसमें बताया गया है कि संस्था ने वर्ष 2015 में वेबसाइट पर एक व्यक्ति द्वारा पूछे गए सवाल पर जो जवाब दिया था वो उनकी निजी राय नहीं थी, बल्कि जो कुछ भी हदीस में लिखा हुआ है, उसकी नकल की गई थी।उससे वर्तमान का दूर-दूर तक का कोई वास्ता नहीं है। लेकर कोई निर्णय ले सकते हैं।

## नकल करते पकड़े जाने पर चिट मिला

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**कानपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा में अनुचित साधनों के प्रयोग से विद्यार्थी परीक्षा से वंचित नहीं होंगे। उनके पास से चिट मिलने पर उसकी कॉपी लेकर दूसरी कॉपी देकर उससे परीक्षा दिलाई



जाएगी। जांच के बाद निर्दोष मिलने पर परिणाम भी जारी किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में अनुचित साधन का प्रयोग करते पकड़े जाने पर परीक्षार्थियों को परीक्षा से वंचित नहीं किया जाएगा।

## ठगी की रकम से ठग ने खरीदा फर्नीचर और जेवर, क्राइम ब्रांच ने जेल में दर्ज किए मुख्य आरोपी के बयान

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**कानपुर।** साइबर थाना प्रभारी के मुताबिक, आरोपी के जरिए यह सारी वस्तुएं बरामद कराने के लिए उसकी पुलिस कस्टडी रिमांड के लिए कोर्ट में सोमवार को आवेदन किया जाएगा।कानपुर में श्रम विभाग के पोर्टल में सेंध लगा सवा करोड़ की साइबर ठगी के मामले में क्राइम ब्रांच ने मुख्य आरोपी के जेल में बयान दर्ज किए। आरोपी ने बताया कि ठगी के पैसे से दो लाख रुपए सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की ओर से निर्माण श्रमिकों के लिए चलाई जा रही कन्या विवाह सहायता योजना में सवा करोड़ का फर्जीवाड़ा हुआ था।शातिरों ने 29 जनवरी को 201 अपात्रों को दो बार में धनराशि भेज दी थी। श्रम विभाग के पोर्टल से हुई ठगी के मामले में साइबर थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच ने मास्टरमाइंड उदित मिश्रा, उसके भाई अंकित मिश्रा, प्रेमिका नैंसी ठाकुर, मोहम्मद यासीन,



का फर्नीचर खरीदा गया था, जो रायपुर छत्तीसगढ़ में रखा है। वहीं, कुछ ज्वैलरी के बारे में भी जानकारी दी, जिसकी कीमत पांच लाख से ज्यादा है।बयानों के आधार पर ही साइबर पुलिस सोमवार को कोर्ट में पुलिस कस्टडी रिमांड के लिए अर्जी देगी। उत्तर प्रदेश भवन एवं ललित कश्यप और शिक्षा विभाग के एकाउंटेंट विनय दीक्षित को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।कस्टडी रिमांड के लिए कोर्ट में किया जाएगा आवेदन साइबर थाना प्रभारी हरमीत सिंह ने बताया कि जेल में मुख्य आरोपी के बयान दर्ज किए गए हैं।

## पटाखा फैक्टरी में विस्फोट चार लोगों की मौत 18 लोग झुलसे

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।** कोखराज थाना क्षेत्र में भरवारी कस्बे के वार्ड नंबर 23 में एक पटाखा फैक्टरी में रविवार को सुबह करीब 11.30 बजे विस्फोट हो गया। इसमें चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जन भर से अधिक लोग झुलस गए हैं। मौके पर दमकल की गाड़ियां पहुंच गई हैं। विस्फोट इतना जबर्दस्त था का इसकी आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी।विस्फोट के बाद आग लग गई। चार लोगों के मौत और 18 लोगों के फंसे होने की सूचना है। राहत और बचाव कार्य में पुलिस और फायर ब्रिगेड के लोग जुट गए हैं। पटाखे के टुकड़े कई किलोमीटर दूर तक उड़कर पहुंच गए हैं। घटना भरवारी के खलीलाबाद इलाके में स्थित पटाखा फैक्टरी में हुई है। पटाखा फैक्टरी खलीलाबाद के रहने वाले शराफत अली की बताई जा रही है। शराफत अली न्यू रंगोली फायरवर्क्स के नाम से पटाखा फैक्टरी चलाते हैं। हादसे में फैक्टरी



मालिक शराफ के एक बेटे के भी मौत की सूचना मिल रही है। एसपी बृजेश श्रीवास्तव ने अभी तक कुल चार लोगों के मौत होने की पुष्टि की है। मौके पर एडीजी प्रयागराज जोन भानु भास्कर भी मौके पर पहुंच गए हैं। एक मृतक शिव नारायण (30) पुत्र भोलानाथ की पहचान हो पाई है। घायल बबलू पटेल, दीना पटेल, अशोक पटेल, कौशल अली और शराफत अली को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया है।घटना की सूचना पाकर एसपी बृजेश श्रीवास्तव मौके पर पहुंच गए। मौके पर एंबुलेंस की कई गाड़ियां भी पहुंच गई हैं। घायलों को अस्पताल भेजा जा रहा है।

# मंत्री दयाशंकर मिश्रा दयालु ने फीता काट कर लोकसभा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** शनिवार को लोकसभा चुनाव कार्यालय खोलकर बीजेपी ने चुनावी बिगुल बजा दिया है। वैदिक मंत्रोच्चार तथा हवन-पूजन



के साथ सोनभद्र के राबर्ट्सगंज नगर के शुभ श्री मैरेज हॉल के प्रांगण में लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन लोकसभा कलस्टर प्रभारी उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दयाशंकर मिश्रा दयालु ने फीता काटकर किया। आयोजित कार्यक्रम में दयाशंकर मिश्रा दयालु ने कहा कि लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो गया है। पार्टी कार्यकर्ता हर बूथ पर प्रचंड जीत का परचम लहराने के लिए पूरी ताकत से जुट जाएं। उन्होंने कहा यह चुनाव कार्यालय अब सभी चुनावी गतिविधियों का केंद्र होगा। अबकी बार 400 के पार के नारे को साकार रूप देना है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के प्रति लोगो का विश्वास बढ़ा है। जिससे लोकसभा के सभी सीटो पर भाजपा जीतेगी और कमल खिलेगा। उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड ने कहा कि भाजपा का चुनाव कार्यालय के उद्घाटन से 2024 के लोकसभा चुनाव का आगाज हो गया है। हम सभी कार्यकर्ताओं का काम अब अधिक हो गया हैं, हमारा प्रत्याशी चाहे जो भी पर हमारा चुनाव चिन्ह कमल का फुल है हम सभी कार्यकर्ताओं के बल पर 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर प्रचण्ड विजय होगी।

# जनपद के प्रत्येक ब्लॉक से चयनित एक एक निपुण विधालय को मिला प्रमाण पत्र

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रांगण में दिव्यांग बच्चो के कायाकल्पित आवासीय भवन के लोकार्पण व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के निरीक्षण एवं छात्राओ से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि असीम अरुण ( राज्यमंत्री : समाज कल्याण ) सहित माननीय सांसद श्री पकौड़ी लाल , संजीव गोंड (समाज कल्याण मंत्री) , जिलाधिकारी , मुख्य विकास अधिकारी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री एवं उपस्थित अथितियो द्वारा मां सरस्वती के पूजन अर्चन एवं माल्यार्पण से किया गया । इस आयोजन में अतिथियों द्वारा कायाकल्पित आवासीय भवन का लोकार्पण कार्य भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कस्तूरबा विद्यालय की बच्चियों द्वारा सुंदर स्वागत गीत ,हिंत्ेप् इदास् व राम आएंगे.....के बोल पर स्वागत नृत्य की प्रस्तुति की गई। संवाद कार्यक्रम में छात्राओ द्वारा माननीय मंत्री महोदय से उनके प्रेरणादायी जीवन के मूल मंत्र संबंधित प्रश्नों के भावपूर्ण उत्तर प्राप्त किए गए। इस आयोजन में जनपद के प्रत्येक ब्लॉक से चयनित एक एक निपुण विद्यालय को प्रमाण पत्र भी वितरित किया। इस मौके पर अपर जिला सूचना अधिकारी विनय सिंह ,समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव , डीपीआरओ , उप शिक्षा निदेशक/डायट प्राचार्य प्रकाश सिंह,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ,ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत ,एव्श् रॉबर्ट्सगंज निखिल कुमार पंचायत सहित शिक्षा विभाग के व कस्तूरबा विद्यालय की वार्डन प्रभारी वंदना देवी,पूर्ण कालिक शिक्षिका प्रियंका सिंह , बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक शिक्षिकाओं, मीडिया व पत्रकार बंधुओ सहित सैकड़ो छात्राओं ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का सफल सुंदर संचालन शिक्षक आनंद त्रिपाठी द्वारा किया गया निपुण विद्यालय पुरस्कार प्राप्त विद्यालयों में. प्राथमिक विद्यालय



इस्लामिया(रावटसगंज ),प्राथमिक विद्यालय कर्री (दुद्धी ),कंपोजिट विद्यालय सेहुआ (चतरा) , प्राथमिक विद्यालय कठपुरवा (घोरावल), प्राथमिक विद्यालय मिश्री (कोन), प्राथमिक विद्यालय अजनगिरा (म्योरपुर), प्राथमिक विद्यालय नवाटोला 3 कंपोजिट विद्यालय पापी (करमा), प्राथमिक विद्यालय ओबरा (चोपन) को निपुण चयनित विद्यालय होने के उपलक्ष्य में बधाइयां एवं शुभकामनाएं.।

# मा0 केन्द्रीय राज्यमंत्री ने दीप प्रज्जवलित कर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।** मीरजापुर 24 फरवरी 2024- समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का वृहद कार्यक्रम (मेगा इवेन्ट के रूप में) राजकीय इण्टरमीडिएट कालेज, महुवरिया मीरजापुर में आयोजित किया गया, जिसमें जनपद के विभिन्न विकास खण्ड के कुल 377 जोड़ों का सामूहिक विवाह सकुषल सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि मा0 केन्द्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल, मा0 विधायक छानबे श्रीमती रिंकी कोल, श्री विशाल कुमार मुख्य विकास अधिकारी, जिला अध्यक्ष अपना दल एस इंजीनियर राम लौटन बिन्द, मा0 अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्री श्याम सुन्दर केशरी ने दीप प्रज्जवजित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मा0 केन्द्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार ने अपने सम्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेष सरकार आर्थिक रूप से गरीब परिवारों के उत्थान एवं विकास हेतु प्रतिबद्ध है एवं सरकार द्वारा आर्थिक रूप से गरीब परिवारों, बेसहरा व्यक्तियों के बहुत सी कल्याणकारी योजनायें चलायी जा रही है, जिसमें मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत ऐसे माता-पिता जो आर्थिक रूप से अपनी पुत्री की शादी करने में सक्षम नहीं है, वह सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ प्राप्त कर अपनी पुत्रियों की शादी करा पा रहे है। साथ ही मा0 मुख्यमंत्री जी को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित करने के लिये आभार व्यक्त किया, कार्यक्रम में उपस्थित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना को सकुषल सम्पन्न कराये जाने के लिये शुभकामनायें भी दी। मा0 केंद्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल विभिन्न विकास



खण्डो से आए हुए नव दंपतियों को बधाई देते हुए कहा कि कि आज के इस पावन अवसर पर सिटी विकासखंड से 49, छानबे से 27, पटेहरा कला में 70, लालगंज से 87, कोन से 14 हलिया के 126 एवं नगर पालिका परिषद मीरजापुर के 04 कुल मिलाकर 377 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जाएगा उन्होंने कहा कि आए हुए नव दंपतियों के परिवार रिश्तेदारों तथा सभी जनपद वासियों को हृदय से अभिनंदन करती हूं।

# शराब के लिए पैसा नहीं मिला तो, लाठी से पीटकर पत्नी की ली जान

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** चोपन थाना क्षेत्र के पटवध गांव में शुक्रवार की रात शराब पीने के लिए पैसे न मिलने से पति हैवान बन बैठा। लाठी-डंडे से पीटकर पत्नी की जान ले ली। उसने कुल्हाड़ी से भी कई वार किए। बीच-बचाव में आई बेटी को भी घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पटवध गांव में पंचमुखी मंदिर के पास कौलेश्वर चेरो अपने परिवार के साथ रहता है। शुक्रवार को उसकी पत्नी महराजी (32) लकड़ी बेचकर घर लौटी तो कौलेश्वर उससे शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। महाराजी ने इंकार किया तो उसकी पिटाई करने लगा। इसके बाद वह रुपये छीनकर चला गया। रात करीब दस बजे वह नशे में धुत होकर घर पहुंचा तो फिर पत्नी को पीटने लगा। घर में मौजूद 13 वर्षीय बेटी अपनी मां को बचाने आई तो कौलेश्वर ने उसकी भी पिटाई की। इसके बाद वह घर के बाहर चली गई। देर रात लाठी-डंडे से पीटकर पति ने महराजी की जान ले ली। सुबह घटना की जानकारी मिलने पर चोपन एसओ विश्वनाथ प्रताप सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। छानबीन के बाद शव को कब्जे में ले लिया। सीओ सिटी राहुल पांडेय ने बताया कि नशे में धुत पति ने लाठी-डंडे से पीटकर महिला की जान ली है। उसके पैर पर कुल्हाड़ी से भी वार किए जाने के निशान मिले हैं। आरोपी पति को गिरफ्तार करते हुए हत्या में प्रयुक्त लाठी भी बरामद कर ली गई है। महिला के पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। एएसपी कालू सिंह ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी ली

# निःशुल्क निदान कैंप का आयोजन 200 मरीज का हुआ इलाज

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** आधुनिक जीवन की भाग दौड़, बढ़ती उम्र, खान पान की कमी के कारण आज लोगों में घुटनों एवं जोड़ो को का दर्द आम बात है इस रोग को मददे नजर रखते हुए जनपद मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज के रामलीला मैदान के हाल में आई वी शाह चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सेल्वी हॉस्पिटल अहमदाबाद एवं अग्रसेन परिवार सोनभद्र के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित घुटनों एवं जोड़ों के दर्द के लिए आयोजित निशुल्क निदान कैंप मे विश्व प्रसिद्ध आर्थोपेडिक चिकित्सक डॉ विक्रम शाह, डॉक्टर वीरल गोडलिया, अमृत सिंह, डॉ रंजन पटेरिया (जोड़ रोग विशेषज्ञ) द्वारा 200 मरीज



को निशुल्क परामर्श, दवा वितरण किया गया कार्यक्रम में कार्यक्रम के आयोजक अग्रसेन परिवार सोनभद्र के सतपाल जैन, धर्मराज जैन, पवन जैन, रामनिवास अग्रवाल संजय अग्रवाल, संजय अग्रवाल अमित जैन, अमित जैन, हर्ष अग्रवाल, पुनीत जैन, रामेश्वर जैन शाहिद अग्रसेन परिवार के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पार्टनर बनाने का झांसा देकर हड़प लिए पांच लाख

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** फ्लाई ब्रिक्स ईंट बनाने वाली फर्म में पार्टनर बनाकर मुनाफा दिलाने का झांसा देकर पांच लाख रुपये हड़पने के आरोप में पुलिस ने दंपती पर केस दर्ज किया है। सदर कोतवाली पुलिस एसपी के निर्देश पर केस दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। कम्हारी निवासी श्रीनिवास मिश्र ने तहरीर ने बताया कि शाहगंज के बरौली गांव निवासी शैलेश पाठक व उसकी पत्नी सीमा पाठक का उसके घर आना-जाना था। इस वजह से उनके परिवार से घनिष्ठता हो गई थी। अक्तूबर 2022 में दोनों उसके घर आए और अपने फ्लाई ब्रिक्स ईंट बनाने वाली फर्म में पार्टनर बनाने के लिए पांच लाख रुपये मांगे। इसके बदले अच्छा मुनाफा भी दिलाने का वादा किया। उनकी बातों में आकर वह, उसकी पत्नी और साले ने कई बार में पांच लाख रुपये उन्हें दे दिए। इसका अनुबंध भी किया, मगर बाद में कोई राशि नहीं दी गई। मांगने पर उनके रुपये भी नहीं दिए जा रहे।






# एडीएम वि०/ रा० ने रानी कर्णावती स्कूल को देखकर प्रधानाध्यापिका मधुरिमा तिवारी को किया सम्मानित

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ला के रानीकर्णावती स्कूल आगमन पर विद्यालय का वातावरण स्वच्छता, सुंदरता आधुनिक शिक्षण कक्ष , लाइब्रेरी, कंप्यूटर कक्ष,किचेन



गार्डन, विद्यालय की बागवानी देखकर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मधुरिमा तिवारी की सराहना की । उनके कार्यों एवम विद्यालय के प्रति समर्पण मेहनत लगन समर्पण एवम इस वर्ष राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त करने सम्मानित भी किया। मधुरिमा तिवारा द्वारा बालिका शिक्षा ,सिलाई कढ़ाई, कंप्यूटर की अतिरिक्त कक्षा संचालन की जानकारी प्राप्त की अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ला ने कहा कि मधुरिमा हमारे जिले ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में शिक्षा विभाग के लिए प्रेरणा स्रोत है। भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी। उक्त अवसर पर खण्ड शिक्षाधिकारी मुकेश कुमार एवम विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

# शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता, जन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयवद्ध ढंग से होना आवश्यक

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।** मीरजापुर 24 फरवरी 2024- जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश के अनुपालन में मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट सभागार में आई0जी0आर0एस0 की बैठक कर प्रगति के बारे में जानकारी अथवा इसका परीक्षण करने के उपरान्त ही आख्या अपलोड की जाये। उन्होने कहा कि हाथ से लिखी आख्या अपलोड करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि आख्या निस्तारण करने से पूर्व यदि भूमि पर अवैध कब्जा, जमीन विवाद, पट्टा आवंटन आदि में




ली गयी। मुख्य राजस्व अधिकारी ने कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि जन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयवद्ध ढंग से होना चाहिए। उन्होने कहा कि कहा कि लोगों की सहूलियत के लिए सरकार की ओर से आइ0जी0आर0एस0 सिस्टम लागू किया गया है। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी ने सभी विभागध्यक्षो को निर्देशित करते हुये पोर्टल अपलोड करने पहले गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हुआ है अधिकारी स्थल पर पहुंचकर दोनो पक्षो को बुलाकर मौके पर निस्तारित करते हुये जी0पी0एस0 फोटोयुक्त आख्या पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि पोर्टल पर जिन अधिकारियों का नाम व मोबाइल नम्बर अपलोड नही है तत्काल अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करें, यह भी कहा कि अधिकारी कि अपलोड की जाने वाली आख्या राजपत्रित अधिकारी से हस्ताक्षर कराकर ही अपलोड किया जाय।

# हिंदी नहीं आती' सरफराज खान ने उड़ाया शोएब बशीर का मजाक इंग्लैंड स्टार का जवाब हुआ वायरल

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भारत के बल्लेबाज सरफराज खान और इंग्लैंड के स्पिनर शोएब बशीर के बीच दूसरे दिन हल्की-फुल्की नोकझोंक देखने को मिली। दोनों के बीच हुई बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।यह घटना इंग्लैंड की पहली पारी के 103वें ओवर में हुई जब ओली रॉबिन्सन के आउट होने के बाद बशीर बल्लेबाजी करने आए। बशीर अंपायर से गार्ड ले रहे थे। उसी वक्त सरफराज ने मजाक किया। सरफराज ने इंग्लैंड के युवा खिलाड़ी से उसकी हिंदी भाषा कौशल के बारे में सवाल किया। सरफराज को भरोसा था कि बशीर हिंदी नहीं समझते हैं।यह घटना इंग्लैंड की पहली पारी के 103वें ओवर में हुई,



जब ओली रॉबिन्सन के आउट होने के बाद बशीर बल्लेबाजी करने आए। बशीर अंपायर से गार्ड ले रहे थे। उसी वक्त सरफराज ने मजाक किया। सरफराज ने इंग्लैंड के युवा खिलाड़ी से उसकी हिंदी भाषा कौशल के बारे में सवाल किया।सरफराज को भरोसा था कि बशीर हिंदी नहीं समझते हैं लेकिन इंग्लैंड के स्टार ने अपनी प्रतिक्रिया से उन्हें चौंका दिया। सरफराज और बशीर के बीच की मजेदार बातचीत सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है।

# मुशीर के दोहरे शतक से मुंबई मजबूत स्थिति में गेंदबाजों की बदौलत मध्य प्रदेश की वापसी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** मुशीर खान के नाबाद 203 रन से मुंबई ने शनिवार को रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के दूसरे दिन पहली पारी में 383 रन बनाकर स्टंप तक बड़ौदा के 127 रन तक दो विकेट झटक लिए। भार्गव भट्ट ने सात विकेट चटकाए दोहरा शतक जड़ा तो वहीं विदर्भ ने कर्नाटक पर मजबूत पकड़ बना ली है। आंध्र के खिलाफ मध्य प्रदेश के गेंदबाजों ने वापसी कराई।अन्य क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक के विरुद्ध विदर्भ की टीम ने पहली पारी में 460 रन का विशाल स्कोर बनाया। जिसके



लेकिन मुशीर ने नाबाद दोहरे शतक से मुंबई को पहली पारी में अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। मुशीर ने अपने प्रथम श्रेणी शतक को बड़े स्कोर में तब्दील किया और मुंबई को पहली पारी में मजबूत स्कोर बनाने की नींव रखी।2023-24 रणजी ट्रॉफी 2023-24 के क्वार्टर फाइनल मुकाबले की शुरुआत शुक्रवार 23 फरवरी से शुरू हो गए। शनिवार को दूसरे दिन का मैच खेला गया। मुंबई के लिए जहां सरफराज खान के भाई मुशीर ने अपना पहला रणजी जवाब में कर्नाटक की टीम दिन का खेल खत्म होने तक 2 विकेट पर 92 रन बना पाई। उसके कप्तान मयंक अग्रवाल यहां खाता भी नहीं खोल पाए। कर्नाटक अब भी 392 रन से पिछड़ रही है।गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन से मध्य प्रदेश ने शानदार वापसी करते हुए आंध्र के खिलाफ दूसरे दिन 83 रन की बढत बना ली। मध्य प्रदेश ने 9 विकेट पर 234 रन से आगे खेलना शुरू किया और आखिरी विकेट इसी स्कोर पर गंवा दिया ।

# आईपीएल 2024 से पहले घरेलू मैदान हुआ सील

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**जयपुर।** आईपीएल से एक महीने पहले राजस्थान खेल परिषद ने सवाई मान सिंह स्टेडियम को सील कर दिया है। परिषद ने दावा किया कि राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) ने बकाया भुगतान सहित अपनी देनदारियों को पूरा नहीं किया, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई।राजस्थान खेल परिषद के सचिव सोहन रामचौधरी ने शुक्रवार को कहा हमने आरसीए को कई बार नोटिस भेजा लेकिन हमें कोई जवाब नहीं मिला। उन्होंने सिर्फ समझौते पत्र (एमओयू) को आठ साल से 10 साल तक बढ़ाने के लिए जवाब दिया। उनकी देनदारियां हैं और उन्होंने इन्हें पूरा नहीं किया है। उन्होंने आगे कहा हमने मुद्दे का समाधान खोजने के लिए आरसीबी के साथ बैठक की थी।परिषद ने स्टेडियम के अलावा आरसीए का कार्यालय और अकादमी भी सील कर दी। शुरुआती कार्यक्रम के अनुसार, जयपुर में 24 और 28 मार्च को आईपीएल मैच होने हैं।राजस्थान खेल परिषद के सचिव सोहन रामचौधरी ने शुक्रवार को कहा, हमने आरसीए को कई बार नोटिस भेजा, लेकिन हमें कोई जवाब नहीं मिला। उन्होंने सिर्फ समझौते पत्र (एमओयू) को आठ साल से 10 साल तक बढ़ाने के लिए जवाब दिया।

# फैंस के 'जिम्बाबर' कहने पर भड़क गए गुस्से में कर दी यह हरकत

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम पीएसएल मैच के दौरान फैंस के ट्रोल करने पर अपना आपा खो बैठे। बाबर आजम फैंस पर भड़क गए और पानी बोतल से फेंककर मारने की धमकी भी दी। बाबर के इस रिएक्शन पर फैंस हैरानी जताई है। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को पीएसएल मैच के दौरान फैंस के एक समूह ने



ट्रोल किया। वह तकनीकी कर्मचारियों के साथ मैदान के किनारे बैठे थे। तभी कुछ फैंस ने जिम्बाबर के नारे लगाए। इस पर बाबर आजम भड़क गए। पेशावर जाल्मी के कप्तान बाबर आजम ने फैंस पर पानी की बोतल फेंकने की धमकी दी।पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को पीएसएल मैच के दौरान फैंस के एक समूह ने ट्रोल किया। वह तकनीकी कर्मचारियों के साथ मैदान के किनारे बैठे थे। तभी कुछ फैंस ने 'जिम्बाबर' के नारे लगाए। इस पर बाबर आजम भड़क गए। पेशावर जाल्मी के कप्तान बाबर आजम ने फैंस पर पानी की बोतल फेंकने की धमकी दी।वायरल वीडियो में दिख रहा है कि बाबर ने गुस्से में बोतल उठाई और फैंस की तरफ फेंकने का इशारा किया। हालांकि बाबर ने उनकी तरफ बोतल नहीं फेंकी। पूर्व कप्तान पाकिस्तान सुपर लीग में अपने देशवासियों द्वारा की गई ट्रोलिंग से काफी नाराज दिखे। अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।दरअसल, बाबर आजम 2015 में अपने डेब्यू के बाद से पाकिस्तान के लिए एक शानदार बल्लेबाज रहे हैं। उन्हें विराट कोहली के उत्तराधिकारी के रूप में भी देखा जा रहा था। हालांकि, पिछले 2-3 सालों से बाबर आजम का फॉर्म खराब चल रहा है।ऐसे में फैंस को लगता है कि बाबर को खराब फॉर्म से बाहर निकालने के लिए जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज खेलने की जरूरत है। बता दें कि बाबर आजम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 18 मैच खेले हैं।

# रेड कार्पेट दिल्ली ने छत्तीसगढ़ वॉरियर्स को 22 रन से हराया रिचर्ड लेवी ने जड़ा तूफानी शतक

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग 2024 के दूसरे मैच में रेड कार्पेट दिल्ली ने छत्तीसगढ़ वॉरियरर्स को 22 रन से हराया। यह मुकाबला शनिवार को ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पाठिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेला गया। इस मैच में रिचर्ड लेवी ने शानदार शतक लगाया और दिल्ली की जीत में अहम भूमिका निभाई।रेड कार्पेट दिल्ली ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 255 रनों का विशाल स्कोर बनाया। रिचर्ड लेवी ने शानदार शतक लगाया और अंत में थिसारा परेरा ने आतिशी पारी खेली। उसके बाद छत्तीसगढ़ के लिए नमन ओझा और सौरभ तिवारी ने शानदार बल्लेबाजी की और टीम का स्कोर 233 तक पहुंचा दिया लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। छत्तीसगढ़ वॉरियर्स 233 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।रेड का स्कोर 233 तक पहुंचा दिया, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। छत्तीसगढ़ वॉरियर्स की टीम



कार्पेट दिल्ली ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 255 रनों का विशाल स्कोर बनाया। रिचर्ड लेवी ने शानदार शतक लगाया और अंत में थिसारा परेरा ने आतिशी पारी खेली। उसके बाद छत्तीसगढ़ के लिए नमन ओझा और सौरभ तिवारी ने शानदार बल्लेबाजी की और टीम 20 ओवर में 233 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।बता दें कि लक्ष्य का पीछे करते हुए छत्तीसगढ़ वॉरियर्स को आखिरी दो ओवर में 45 रन जीत के लिए चाहिए थे, लेकिन टीम 22 रन ही बना सकी और 22 रन से मुकाबला गंवा दिया।

# जिस काम को करने के लिए विराट को लगे 113 टेस्ट उसे यसस्वीय ने 8वें मैच में ही कर डाला

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही टेस्ट सीरीज में यशस्वी जायसवाल का बल्ला जमकर रन



उगल रहा है। यशस्वी रोके नहीं रुक रहे हैं और इंग्लिश गेंदबाज उनके आगे पूरी तरह से बेबस नजर आ रहे हैं।रांची टेस्ट की पहली पारी में यशस्वी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 117 गेंदों पर 73 रन की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान यशस्वी ने आठ चौके और एक छक्का जमाया। करियर के आठवें टेस्ट मैच में यशस्वी के बल्ले से निकला यह 26वां सिक्स रहा और उन्होंने इस मामले में विराट कोहली और सुनील गावस्कर की बराबरी कर ली है।रांची में खेले जा रहे चौथे टेस्ट में भी युवा बल्लेबाज ने अपनी बैटिंग से एकबार फिर हर किसी को प्रभावित किया और दमदार अर्धशतक ठोका। यशस्वी ने इस पारी के दौरान वो कारनामा कर डाला है, जहां तक पहुंचने के लिए विराट कोहली 113 टेस्ट मैच खेल चुके हैं।रांची टेस्ट की पहली पारी में यशस्वी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 117 गेंदों पर 73 रन की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान यशस्वी ने आठ चौके और एक छक्का जमाया। करियर के आठवें टेस्ट मैच में यशस्वी के बल्ले से निकला यह 26वां सिक्स रहा और उन्होंने इस मामले में विराट कोहली और सुनील गावस्कर की बराबरी कर ली है।कोहली ने अपने टेस्ट करियर में 26 सिक्स 113 टेस्ट मैच खेलने के बाद लगाए हैं, जबकि गावस्कर ने इतने ही सिक्स 125 टेस्ट मैच खेलने के बाद जड़े थे। हालांकि, यशस्वी जायसवाल ने इन दोनों दिग्गज बल्लेबाजों की बराबरी सिर्फ अपने 8वें मैच में ही कर ली है। यशस्वी ने तीसरे टेस्ट में खेली 214 रन की नाबाद पारी के दौरान 12 छक्के जमाए थे और नया कीर्तिमान स्थापित किया था।यशस्वी जायसवाल एक टेस्ट सीरीज में 600 रन बनाने वाले भारत की ओर से बाएं हाथ के पहले बल्लेबाज बन गए हैं।

# महिला प्रीमियर लीग के इतिहास में यह कमाल करने वाली पहली बैटर बनीं यास्तिका भाटिया

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग 2024 का पहले मैच में रोमांच की सारी हदें पार हुईं। एस सजना के बल्ले से आखिरी गेंद पर निकले सिक्स के बूते मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 4 विकेट से शिकस्त दी। हालांकि, मुंबई की इस रोमांचक जीत की कहानी यास्तिका भाटिया और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने लिखी।यास्तिका भाटिया महिला प्रीमियर लीग के इतिहास में फिफ्टी जमाने वाली बाएं हाथ की पहली बैटर बन गई हैं। यास्तिका ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में शानदार बल्लेबाजी करते हुए टूर्नामेंट में अपना पहला अर्धशतक जमाया। यास्तिका ने 45 गेदों का सामना करते हुए 57 रन की दमदार पारी खेली। रोमांचक मैच में एस सजना ने आखिरी गेंद पर सिक्स लगाते हुए मुंबई को यादगार जीत दिलाई।

# मुशीर खान ने 18 साल की उम्र में मुंबई के लिए रचा इतिहास वसीम जाफर का रिकॉर्ड टूटते-टूटते बचा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज मुशीर खान ने रणजी ट्रॉफी में अपने पहला दोहरा शतक जड़कर मचा रहे हैं। बड़ौदा के खिलाफ मुंबई के लिए खेलत हुए मुशीर ने अपना पहला दोहरा शतक जड़ दिया है।सरफराज खान के छोटे भाई मुशीर खान अंडर-19 वर्ल्ड



इतिहास रच दिया है। मुशीर खान मुंबई के ऐसे दूसरे युवा बल्लेबाज बने जिन्होंने दोहरा शतक जमाया है। इससे पहले पूर्व भारतीय बल्लेबाज वसीम जाफर ने मुंबई के लिए रणजी में यह कमाल किया था।सरफराज खान के छोटे भाई मुशीर खान अंडर-19 वर्ल्ड कप के बाद ही लगातार चर्चा में हैं। अपने दमदार प्रदर्शन से वह भारतीय टीम के दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। भारतीय टीम से पहले वह रणजी ट्रॉफी में धमाल कप के बाद ही लगातार चर्चा में हैं। अपने दमदार प्रदर्शन से वह भारतीय टीम के दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। भारतीय टीम से पहले वह रणजी ट्रॉफी में धमाल मचा रहे हैं। बड़ौदा के खिलाफ मुंबई के लिए खेलत हुए मुशीर ने अपना पहला दोहरा शतक जड़ दिया है।रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में मुशीर मुंबई के लिए संकटमोचन बनकर उभरे। पहले दिन शतक जड़ने के बाद दूसरे दिन इससे दोहरे शतक में तब्दील किया।

# शोभना के पंजे से नहीं उबर पाई यूपी आरसीबी ने रोमांचक मुकाबले में दो रन से हराया

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग के दूसरे मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने यूपी वॉरियर्स को रोमांचक मुकाबले में दो विकेट से हरा दिया। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते खेली।मेघना ने 44 गेंद पर 53 रन की पारी खेली। आखिरी गेंद पर श्रेयंका पाटिल ने सिक्स लगाकर पारी को समाप्त किया। यूपी की तरफ से राजेश्वरी गायकवाड़ को दो विकेट मिले। ग्रेस हैरिस,



हुए 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 157 रन बनाए। यूपी लक्ष्य का पीछा करते हुए 7 विकेट खोकर 155 रन ही बना सकी।महिला प्रीमियर लीग 2024 (इथ् 2024) के दूसरे मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की भिड़ंत यूपी वॉरियर्स के साथ भिड़त हुई। आरसीबी ने यूपी को 2 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर स्कोर बोर्ड पर 157 रन बनाए थे। यूपी 155 रन ही बना सकी।यूपी की कप्तान एलिसा हीली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर स्कोर बोर्ड पर 157 रन लगाए हैं। टीम की ओर से ऋचा घोष ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 37 गेंदों पर 62 रन की तूफानी पारी ताहलिया मैक्ग्राथ, एक्लेस्टोन और दीप्ति शर्मा को एक-एक विकेट मिले।लक्ष्य का पीछा करते हुए यूपी की शुरूआत खराब रही। दूसरे ओवर में एलिसा हीली 5 रन बनाकर आउट हो गईं। विंद्रा और ताहलिया ने पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन शोभना ने एक ही ओवर में दोनों को आउट कर यूपी के टॉप ऑर्डर को झकझोर दिया।इसके बाद श्वेता और ग्रेस हैरिस ने पारी को संभाला। एक समय दोनों ने यूपी को जीत की दहलीज पर लगाकर खड़ा कर दिया था। स्मृति मांधना ने एक बार फिर शोभना को गेंद थमाई और शोभना ने श्वेता, ग्रेस और किरन को आउट कर यूपी की जीत पर पानी फेर दिया। आखिरी ओर में जीत के लिए 11 रन चाहिए थे।यूपी की तरफ से सर्वाधिक 38 रन ग्रेस हैरस ने बनाए।

# खुलेआम बेईमानी करते नजर आए इंग्लिश खिलाड़ी यशस्वी को आउट करने के लिए पार की सारी हद

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच रांची में चौथा टेस्ट मैच विकेटकीपर के पास गई।यशस्वी को आउट करने की खातिर कप्तान बेन स्टोक्स और इंग्लिश टीम बीच



खेला जा रहा है। दिन का खेल खत्म होने पर इंग्लिश टीम मजबूत स्थिति में है और भारतीय टीम ने अपने 7 विकेट सिर्फ 219 रन के स्कोर पर गंवा दिए हैं। हालांकि, दूसरे सेशन में एक समय ऐसा भी था, जब इंग्लिश टीम पूरी तरह से बैकफुट पर थी और यशस्वी जायसवाल बल्ले से धमाल मचा रहे थे।यशस्वी जायसवाल शुभमन गिल के साथ मिलकर शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे। यशस्वी बेहद आसानी से बाउंड्री खोज रहे थे और इंग्लिश गेंदबाजों के लिए रनों पर लगाम लगाना मुश्किल हो रहा था। पारी के 20वें ओवर में ओली रोबिन्सन की गेंद को यशस्वी ने शॉट लगाने का प्रयास किया पर गेंद बल्ले का भारी किनारा लेते हुए मैदान पर बेईमानी करती हुई नजर आई। हालांकि, इंग्लैंड टीम का झूठ कैमरे की मदद से पकड़ा गया।दरअसल, यशस्वी जायसवाल शुभमन गिल के साथ मिलकर शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे। यशस्वी बेहद आसानी से बाउंड्री खोज रहे थे और इंग्लिश गेंदबाजों के लिए रनों पर लगाम लगाना मुश्किल हो रहा था। पारी के 20वें ओवर में ओली रोबिन्सन की गेंद को यशस्वी ने शॉट लगाने का प्रयास किया, पर गेंद बल्ले का भारी किनारा लेते हुए विकेटकीपर की पास चली गई।दरअसल, यशस्वी जायसवाल शुभमन गिल के साथ मिलकर शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे। यशस्वी बेहद आसानी से बाउंड्री खोज रहे थे



इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी।

इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के

मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी

सप्ताह के शुरूआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना

सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में

इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में

नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों

इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें।

नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।

परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव

मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

# शोएब बशीर बने भारतीय बैटर्स के लिए अबूझ पहेली इंग्लिश बॉलर्स के नाम रहा रांची टेस्ट का दूसरा दिन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** रांची में खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच का दूसरा दिन इंग्लैंड के गेंदबाजों के नाम रहा। शोएब बशीर और टॉम हार्टले की घूमती गेंदों के आगे भारतीय बल्लेबाज पूरी तरह से बेबस नजर आए। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक टीम इंडिया ने पहली पारी में 7 विकेट खोकर 219 रन स्कोर बोर्ड पर लगा लिए हैं। भारत बैकफुट पर है और इंग्लैंड से अभी भी 134 रन पीछे है।पहली पारी में भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान रोहित शर्मा महज 2 रन बनाकर जेम्स एंडरसन का शिकार बने। इसके बाद शुभमन गिल ने यशस्वी जायसवाल संग मिलकर दूसरे विकेट के लिए 82 रन जोड़े। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक टीम इंडिया ने पहली पारी में 7 विकेट खोकर 219 रन स्कोर बोर्ड पर लगा लिए हैं।पहली पारी में भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान रोहित शर्मा महज 2 रन बनाकर जेम्स एंडरसन का शिकार



बने। इसके बाद शुभमन गिल ने यशस्वी जायसवाल संग मिलकर दूसरे विकेट के लिए 82 रन जोड़े। हालांकि, गिल एकबार फिर अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सके और 38 रन बनाने के बाद विकेट के सामने पाए गए। रजत पाटीदार ने फिर अपने प्रदर्शन से निराश किया और महज 17 रन ही बना सके।रविंद्र जडेजा भी 12 रन बनाकर चलते बने, तो सरफराज खान भी कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके। अश्विन भी सिर्फ एक रन ही बना सके। हालांकि, यशस्वी जायसवाल ने एकबार फिर अपनी बल्लेबाजी से खासा प्रभावित किया। यशस्वी ने इस सीरीज में एक और अर्धशतक जमाया और 117 गेंदों पर 73 रन की दमदार पारी खेली।दिन का खेल खत्म होने तक ध्रुव जुरैल और कुलदीप यादव आठवें विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी जमा चुके हैं। ध्रुव 30 और कुलदीप 17 रन बनाकर खेल रहे हैं।इंग्लैंड की ओर से शोएब बशीर ने अपनी घूमती गेंदों से भारतीय बल्लेबाजों का खासा तंग किया। शोएब ने शानदार गेंदबाजी करते हुए टेस्ट के दूसरे दिन चार विकेट झटके। इंग्लिश स्पिनर ने शुभमन गिल, रजत, जडेजा और यशस्वी जैसे बड़े बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई।इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 353 रन बनाकर सिमटी। टीम की ओर से जो रूट ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 122 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं, ओली रोबिन्सन ने 58 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में भारत की ओर से रविंद्र जडेजा ने चार और आकाश दीप ने 3 विकेट चटकाए।

# सम्पादकीय

## ब्लैक होल रोज एक सूर्य को खा रहा है, रोशनी इतनी कि 12 अरब प्रकाश वर्ष दूर पृथ्वी पर दिख रही चमक

ब्लैक होल की भोजन प्रक्रिया का यह उन्माद युगों पहले ही खत्म हो चुका है, क्योंकि आकाशगंगाओं में चारों ओर तैरने वाली गैसें ज्यादातर तारों में बदल गई हैं और उन्होंने अरबों वर्षों में खुद को एक व्यवस्थित पैटर्न में स्थापित कर लिया है।नर्क क्या होता है, इसका सबूत तो वैज्ञानिकों के पास नहीं है। लेकिन पूरे ब्रह्मांड की सबसे नारकीय जगह से परिचय कराने के लिए वैज्ञानिकों को धन्यवाद जरूर दिया जाना चाहिए। दरअसल, नेचर एस्ट्रोनॉमी के नए अंक में एक ब्लैक होल का वर्णन है, जो ब्रह्मांड की अब तक ज्ञात सबसे बड़ी डिस्क से घिरा है, जिसका नाम है जे 0529-4351, जो ब्रह्मांड की सबसे चमकीली वस्तु भी है। हालांकि, यह कोई पहला ब्लैक होल नहीं है। इससे पहले भी करीब दस लाख बड़े ब्लैक होल खोजे जा चुके हैं, जो आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं और करोड़ों सूर्य के बराबर हैं। पर तेजी से बढ़ रहा ये जे 0529-4351 ब्लैक होल कुछ हजार खरब गुना ज्यादा तेज प्रकाश उत्सर्जित कर रही है।ऊर्जा की इतनी मात्रा तभी उत्सर्जित हो सकती है, जब ब्लैक होल हर दिन एक सूर्य खा रहा हो। इसका द्रव्यमान हमारे सूर्य से 15 से 20 अरब गुना ज्यादा है। हालांकि हम पृथ्वी वालों को इससे डरने की जरूरत नहीं, क्योंकि इसकी रोशनी को हम तक पहुंचने में 12 अरब साल से ज्यादा का समय लगा है, जिसका अर्थ है कि इसने काफी पहले ही बढ़ना बंद कर दिया होगा।ब्लैक होल की भोजन प्रक्रिया का यह उन्माद युगों पहले ही खत्म हो चुका है, क्योंकि आकाशगंगाओं में चारों ओर तैरने वाली गैसें ज्यादातर तारों में बदल गई हैं और उन्होंने अरबों वर्षों में खुद को एक व्यवस्थित पैटर्न में स्थापित कर लिया है। अब वे ज्यादातर अपनी आकाशगंगाओं के केंद्र में मौजूद ब्लैक होल के चारों ओर लंबी व साफ-सुथरी कक्षाओं में हैं।सवाल उठता है कि यदि यह ब्रह्मांड की सबसे चमकीली चीज है, तो इसे अभी



अलग है।यह तारों व गैस के बादलों को अपनी ओर खींचता हुआ अंगूठी जैसी आकृति बना रहा है, जो केवल एक पैटर्न है, जिसे ब्लैक होल जल्द ही निगल लेता है। यह डिस्क घर्षण से जल्द ही गर्म हो जाती है, क्योंकि इसमें मौजूद सामग्री के एक साथ रगड़ने से इतनी चमक पैदा होती है कि 12 अरब प्रकाश वर्ष से ज्यादा दूर पृथ्वी पर ब्लैक होल की भोजन प्रक्रिया के उन्मादी दृश्य देखे जा सकते हैं। जे 0529-4351 की डिस्क सूर्य की तुलना में पांच ही क्यों देखा गया? दरअसल, दुनिया के टेलिस्कोप इतना डाटा पैदा करते हैं कि खगोलशास्त्री इन्हें छानने के लिए परिष्कृत मशीन लर्निंग टूल का इस्तेमाल करते हैं। मशीन लर्निंग टूल अपनी प्रकृति से उन चीजों को ढूंढती है, जो पहले पाई गई चीजों के समान होते हैं। लेकिन जे 0529-4351 जैसे दुर्लभ स्तर को पहचानने के लिए हमने मशीन लर्निंग से परहेज करते हुए परंपरागत वेधशालाओं का उपयोग किया।

## भारत में घट रहे रेगिस्तान के जहाज युद्धस्तर पर संरक्षण की जरूरत

वर्ष 2012-19 के बीच हुए एक सर्वे में पता चला था कि भारत में ऊंटों की संख्या तेजी से कमी आई है। देश में यह डेढ़ लाख घटकर 2.52 लाख ही रह गए थे। वर्ष 2019-23 के बीच यह संख्या और घटी है। नागालैंड और मेघालय जैसे राज्यों में तो अधिकारिक रूप से ऊंट समाप्त हो चुके हैं। ऊंट का जिक्र आते ही रेगिस्तान का ख्याल एकाएक मन में आ जाता है। एक समय रेगिस्तान में यातायात का मुख्य साधन रहा ऊंट अब संकट में है। इनकी संख्या न केवल भारत में, बल्कि दुनिया में घट रही है। शायद यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2024 को ऊंट वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा की है, ताकि लोगों का ध्यान ऊंट के संरक्षण की तरफ भी जाए।दुनिया के 90 देशों में ऊंटों के संरक्षण और इनकी संख्या को बढ़ाने के लिए प्रयास चल रहे हैं। भारत में राजस्थान में सर्वाधिक ऊंट पाए जाते हैं और यहां भी पिछले कुछ सालों में सरकारी स्तर पर कुछ कार्य हुए हैं। खासकर वर्ष 2014 में राजस्थान सरकार ने ऊंट को राज्य पशु घोषित किया था और वर्ष 2015 में राज्य सरकार राजस्थान ऊंट (वध का प्रतिषेध और अस्थाई प्रजनन या निर्यात का विनियमन) अधिनियम लेकर आई, इसके तहत ऊंट के राज्य से बाहर निर्यात पर पाबंदी लगी।हालांकि, बाद में एक सक्षम प्राधिकार को ऊंटों के राज्य से बाहर निर्यात के लिए परमिट जारी करने का अधिकार दे दिया गया। सच्चाई यह है कि परमिट पाना आसान प्रक्रिया नहीं है और इसमें लंबा समय लगता है।भारत में ऊंट की संख्या उत्तरी अफ्रीका और मध्य एशिया के ऊंटों को असली ऊंट माना जाता है। इनमें ड्रोमेडरी (एक कूबड़ वाला ऊंट) और बैक्ट्रियन (दो कूबड़ वाला ऊंट) हैं। भारत में राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, हरियाणा में मुख्य रूप से ऊंट पाए जाते हैं, लेकिन राजस्थान में सर्वाधिक 2.14 लाख ऊंट हैं, जबकि देश भर में इनकी संख्या 2.50 लाख से कम हो गई है।वर्ष 2012-19 के बीच हुए एक सर्वे में पता चला था कि भारत में ऊंटों की संख्या तेजी से कमी आई है। देश में यह डेढ़ लाख घटकर 2.52 लाख ही रह गए थे। वर्ष 2019-23 के बीच यह संख्या और घटी है। नागालैंड और मेघालय जैसे राज्यों में तो अधिकारिक रूप से ऊंट समाप्त हो चुके हैं। राजस्थान में ऊंट की गोमठ, नांचना, जैसलमेरी, मेवाड़ी, अलवरी, सिंधी, कच्छी और बीकानेरी प्रजाति पाई जाती हैं। राजस्थान के लोकदेवता पाबूजी को ऊंटों का देवता कहते हैं। गुजरात में तो समुद्र में तैरने वाले ऊंट भी मिलते हैं। यह कच्छ की खराई किस्म के ऊंट हैं, जो हर रोज समुद्र में विचरण करते हैं और समुद्री वनस्पति मैंग्रूव को खाते हैं। हालांकि, पिछले कुछ सालों में उद्योगों के विस्तार के कारण मैंग्रूव खत्म हो रहे हैं और खराई ऊंटों के लिए खाने की समस्या आ रही है। अब पूरे गुजरात में 4500 हजार से आसपास खराई ऊंट ही बचे हैं।ऊंटों को संरक्षण देने के कई प्रयास हो रहे हैं। भारत सरकार ने वर्ष 1984 में बीकानेर में उष्ट्र परियोजना निदेशालय की स्थापना की थी। वर्ष 1995 में इसे राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केंद्र में तब्दील कर दिया गया।

# देश का मूड तय करते हैं फैशन के रंग इन्हें कहां से देखें


राजनीति फैशन का उपयोग कर सकती है, लेकिन फैशन उद्योग राजनीति के रंग से कैसे बचता है, यह देखने की बात होगी... चुनाव आ रहे हैं, रंग छा रहे हैं। राजनीति अब फैशन स्टेटमेंट दे रही है। फैशन के रंग दरअसल कोड की तरह होते हैं, जो किसी देश का मूड तय करते हैं।छ हफ्ते पहले, जब अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की गूंज के साथ देश का ज्यादातर हिस्सा नारंगी हो गया था, तब सवाल उठ रहे थे कि सांस्कृतिक और रचनात्मक उद्योग इस पर कैसी प्रतिक्रिया देंगे। सवालों में फैशन था। आखिर कोई घटना ऐसी हो सकती है, जिसमें फैशन न हो? दिमाग में यह सवाल उठा। एक समाजशास्त्री बेशक फैशन को रचनात्मक उद्योग न समझे और सामाजिक-सांस्कृतिक घटनाओं पर प्रतिक्रिया देते वक्त इसे जरूरी भी न समझे, लेकिन राजनीति के लिए फैशन कोई नई चीज नहीं है। इसके पीछे एक लोकप्रिय संदेश छिपा होता है। ये घटनाएं ऐसी होती हैं कि अगर इनमें फैशन न ढूंढा जाए, तो वह अक्सर छिपा ही रह जाता है।रंग फैशन का एक महत्वपूर्ण तत्व है। हम हर साल या हर मौसम में जिन रंगों को स्वीकार या अस्वीकार करते हैं, फैशन ही उन्हें निर्धारित करता है। फैशन के रंग दरअसल कोड की तरह होते हैं, जो किसी देश का मूड तय करते हैं। बात सिर्फ एक खास रंग की नहीं है, बल्कि हर तरह के राजनीतिक संदेश की है, जो ज्यादा लोगों तक फैशन के जरिये पहुंचाए जाते हैं। आने वाले चुनावों में भी राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया क्रिएटर्स के साथ विज्ञापनों इत्यादि पर भी लाखों-करोड़ों रुपये खर्च किए जाएंगे। ताकत और पैसे का भरपूर प्रदर्शन होगा।कॉमनवेल्थ ऐंड कम्परेटिव पॉलिटिक्स में 2022 में प्रकाशित शोधपत्र में सिमोना विटोरिनी लिखती हैं, 'ऐसे समय में, जब राजनीति में किसी सर्वमान्य विचारधारा का अभाव है और उत्तर-आधुनिक विमर्श राष्ट्रवाद के नए स्वरूप को स्थापित कर रहा है, राजनीति काफी आकर्षक और या विचारधारा का विरोध या समर्थन करना नहीं है। निश्चित रूप से कोई राजनेता जब आइकन बन जाता है, तो उसकी हर बात फैशन स्टेटमेंट बन जाती है, चाहे वह खाना हो, पहनना हो या चलना। हमारे प्रधानमंत्री मोदी इसका बहुत अच्छा उदाहरण हैं। उनके पहनावे को लोगों, खासकर युवाओं द्वारा उतनी ही सही है। यह निश्चित रूप से बराबर की तुलना नहीं है, लेकिन बहुत पुरानी बात नहीं है, जब बार्बी, जो एक मूवी थी, 'पिंक कल्ट' बन गई। जल्दी ही बार्बी एक गुड़िया से वॉलपेपर पैटर्न, केक और यहां तक कि कारों पर नजर आने लगी। विभिन्न उत्पादों की पैकेजिंग और उपभोक्ता उत्पाद, जैसे कि



व्यावसायिक हो गई है, नतीजतन न केवल लोकप्रिय वोटों को पाने के तरीकों में बदलाव आया है, बल्कि लोकप्रिय भावनाओं को संगठित करने और भुनाने के तरीके भी बदल गए हैं।'विटोरनी अपने शोधपत्र में आगे लिखती हैं, 'लोगों तक अपनी बात पहुंचाने के तरीके और जनमत निर्माण की प्रक्रिया पहले जैसी पारंपरिक नहीं रही और केवल भाषण ही संवाद का जरिया नहीं है। अब कपड़ों के चयन, रंगों एवं अन्य माध्यमों से मतदाताओं के अवचेतन को प्रभावित किया जा रहा है।'यहां मेरा मतलब किसी पार्टी खूब अपनाया जा रहा है और इसमें कोई बुराई भी नहीं है। पर बड़ा मुद्दा यह है कि भारतीय फैशन जगत को इस अंधानुकरण से कैसे बचाएं एवं इसकी मौलिकता और रचनात्मकता को रंग, शैली या किसी भी राजनीतिक प्रभाव से कैसे बचाए रखें? बाजार के ट्रेंड से हटकर चलना और डिजाइन में राजनीतिक रंगों, स्टाइल और पैटर्न की नकल से बचना या फिर उसे कम-से-कम करना, वास्तव में चुनौती है।किसी विचार को उन्माद बनने में समय नहीं लगता और फैशन के संबंध में भी यह बात टूथब्रश, तौलिया सब 'बार्बीमय' हो गए और बाजार ने पिंक की एकरसता व एकरूपता को लंबे समय तक देखा।ऐसे समय, जब उपभोक्ता को किसी उत्पाद या सेवा को सीधे खरीदने के लिए प्रेरित न कर कंपनियां व विज्ञापन एजेंसियां विभिन्न सर्वेक्षणों के माध्यम से उन्हें निर्णय प्रक्रिया में सहभागी बना रही हैं (ताकि उपभोक्ता को यह भ्रम हो कि उसने 'इनफॉर्म्ड चॉइस' ली है), कंप्यूटर के 'क्लिक' और मोबाइल के 'सिलेक्ट' बटन की ताकत को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है। ऐसे में, फैशन-इंफ्लुएंसर्स, ब्लॉगर्स की महत्ता फैशन ट्रेंड सेट करने में और भी बढ़ गई है।आज का दौर वास्तव में प्रचार और आक्रामक मार्केटिंग का है। दुनिया भर में फैशन से ज्यादा बड़ी मार्केटिंग रणनीतियां हो गई हैं और मूल उत्पाद से ज्यादा यह महत्वपूर्ण हो गया है कि कौन-सा सितारा उसका प्रमोशन कर रहा है और कहां इन्हें लॉन्च किया जा रहा है। भारत के संदर्भ में देखें, तो कला, शिल्प, वस्त्र, फैशन-सबकुछ चुनाव के विभिन्न पक्षों से प्रभावित होता दिखता है। ऐसे में, फैशन शो की विशेषता और प्रदर्शनियों की पहचान बनाए रखने के लिए फैशन जगत को वैसे थीम और उत्पादों से बचना चाहिए, जो किसी एक राजनीतिक पार्टी की विचारधारा को संपोषित करते हों।वर्तमान भारतीय संदर्भ में रंगों का प्रभाव भी केवल वस्तुओं एवं उत्पादों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह राजनीतिक संदेश एवं राजनीतिक संबद्धता का भी परिचायक हो गया है। चाहे बात केसरिया की हो, या नीले की, या पीले की, या किसी अन्य रंग की-सब किसी न किसी राजनीतिक विचारधारा से जुड़े नजर आते हैं। केसरिया निश्चित ही ज्यादा प्रभावी एवं हर जगह नजर आ रहा है। लोगों में इसकी मांग तेजी से बढ़ी है और फैशन जगत भी 'मांग एवं आपूर्ति' के सिद्धांत से अछूता नहीं है।लेकिन हमें यह याद रखना चाहिए कि भारतीय समाज समावेशी एवं धर्मनिरपेक्ष समाज रहा है और हमारे फैशन डिजाइनरों ने अपने रंगों, विषयों एवं आयोजनों में सूक्ष्म रूप से इन मूल्यों को संजोया एवं परिलक्षित भी किया है। रंग, डिजाइन और थीम किसी भी पोशाक को विशेषता प्रदान करते हैं और डिजाइनर डिजाइन के लिए कहीं न कहीं से प्रेरणा लेते ही हैं। जब सोशल मीडिया, टेलीविजन एवं अन्य दृश्य व श्रव्य माध्यम में एक ही तरह की विचारधारा का प्रचार-प्रसार हो एवं एक ही विषय-वस्तु की अधिकता एवं प्रभाव हो, तो डिजाइनर भी उससे अछूते नहीं रहते। अवचेतन मन पर वातावरण का प्रभाव तो पड़ता ही है और रचनात्मकता व मौलिकता के प्रभावित होने का भी खतरा रहता है। ऐसी स्थिति में अपनी मौलिकता को बचाए रखना एवं लीक से हटकर उन संदर्भों और विचारों पर आधारित वस्त्र डिजाइन करना, जो भेड़-चाल से अलग हो, और भी आवश्यक हो जाता है।यह सही है कि भारत में अब भी अनिवार्य रूप से फैशन का मतलब पारंपरिक परिधानों के अति अलंकृत प्रस्तुति से लिया जाता है। लेकिन यह याद रखने का समय है कि यह वही उद्योग है, जो समावेशिता और विविधता के लिए खड़ा है। यह सामाजिक संदेश देने के लिए समय-समय पर नए तरीके खोजता है।भारत के डिजाइनर सीधे नहीं, बल्कि सुझाव के रूप में अपनी बात रखते हैं, रचनात्मक प्रतिभाओं के उभरते समूह में ऐसे दिमाग भी हैं, जो विषय, रूपांकन और प्रस्तुति में अंधानुकरण से बचते हैं। भारतीय डिजाइनरों ने देश की बहुलता, समरसता और धर्मनिरपेक्षता को समय-समय पर परिधानों एवं थीम के जरिये दर्शाया है। इसलिए फैशन जगत से अपेक्षा है कि वह इस चुनावी वर्ष में अपने मूल्यों को समेट कर मौलिकता के हिसाब से नए-नए परिधानों एवं उत्पादों को लाएगा और बाजार को राजनीतिक संदेश देने का माध्यम बनने से बचाने की कोशिश भी करेगा।

## संघीय मूल्यों की खातिर टालने होंगे टकराव के हालात, जरूरी है असहमति को सुनना और असंतोष का शमन

केंद्र सरकार और गैर-भाजपा शासित राज्यों के बीच अपने हितों को लेकर टकराव की स्थिति लगातार बढ़ती जा रही है। क्या राज्यों और संघ के बीच चल रहा मौजूदा विवाद वास्तव में हमारे देश के हित में है?वर्ष 2019 के बाद जब से नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी भारी बहुमत के साथ सत्ता उठाया। कुछ दिनों बाद केरल के मुख्यमंत्री ने अपने राज्य कीओर से इसी तरह के विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया।केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और पंजाब में कुल मिलाकर 30 करोड़ से ज्यादा लोग रहते हैं। वे भारत की आबादी के पांचवें हिस्से से अधिक हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य एवं लैंगिक समानता अस्तित्व के लिए दूसरों दलों पर निर्भर रहती है तो आंध्र प्रदेश को विशेष दर्जा दिए जाने की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करने की बेहतर संभावना होगी। ममता बनर्जी, एमके स्टालिन या पिनरई विजयन के विपरीत आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कभी भी नरेंद्र मोदी, भाजपा या केंद्र सरकार के प्रति करने और उनके स्वायत्त कामकाज पर और अधिक अंकुश लगाने के लिए उन शक्तियों का उपयोग करना, जिन्हें केंद्र ने कोविड महामारी के बाद से हड़प लिया था। दूसरा, नागरिकों से अगले विधानसभा चुनाव में अन्य पार्टियों के बजाय भाजपा को



में वापस लौटी है, केंद्र सरकार और गैर-भाजपा शासित राज्यों के बीच टकराव बढ़ गए हैं। विशेष रूप से तीन राज्य इस संघर्ष के केंद्र में रहे हैं-पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल। सभी मामलों में केंद्र द्वारा नियुक्त राज्यपाल केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी की ओर से पक्षपातपूर्ण ढंग से काम करते प्रतीत होते हैं। इन राज्यों का दावा है कि केंद्र ने उन्हें उनके राज्य का पैसा देने से इनकार कर दिया है, उनके राज्य की सांस्कृतिक विरासत की उपेक्षा की है आदि।हाल के महीनों में दो अन्य राज्य असहमतों के इस क्लब में शामिल हो गए हैं। ये हैं-पंजाब और कर्नाटक, जहां क्रमशः आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की सरकार है। पंजाब के राज्यपाल वहां के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के साथ भिड़ गए। जहां तक कर्नाटक की बात है, पिछले मई में जब से कांग्रेस सत्ता में लौटी है, उसकी सरकार का केंद्र से कई बार टकराव हो चुका है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उप-मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मोदी सरकार पर राजस्व के संबंध में कर्नाटक के खिलाफ भेदभाव करने और सूखे से प्रभावित किसानों की दुर्दशा के प्रति उदासीन रहने का आरोप लगाया है। हाल ही में सिद्धारमैया और शिवकुमार ने नई दिल्ली में जंतर मंतर पर एक विरोध बैठक आयोजित कर अपना मामला राष्ट्रीय राजधानी में के मामले में केरल और तमिलनाडु देश के सबसे प्रगतिशील राज्यों में से हैं। तमिलनाडु एक औद्योगिक ऊर्जा केंद्र भी है। कर्नाटक लंबे समय से वैज्ञानिक शोध के मामले में अग्रणी रहा है और हाल के दशकों में सूचना प्रौद्योगिकी एवं जैव-प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में भी। जब हमारे ऊपर अंग्रेजों का शासन था, तब बंगाल के कुछ सबसे बहादुर लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लिया। आजादी के बाद से इस राज्य ने हमें कुछ बेहतरीन संगीतकार, फिल्म निर्माता और विद्वान दिए हैं। पंजाब के सिखों ने हमारी खाद्य सुरक्षा और हमारे सशस्त्र बलों में आनुपातिक रूप से भारत के किसी भी अन्य समुदाय की तुलना में कहीं अधिक योगदान किया है।पांच राज्य, जिनमें से प्रत्येक का हमारे देश के अतीत एवं वर्तमान में विविध और विशिष्ट योगदान है तथा प्रत्येक राज्य में भाजपा से भिन्न पार्टियों की सरकारें हैं, क्या राज्यों एवं संघ के बीच चल रहा मौजूदा विवाद वास्तव में हमारे देश के हित में है इससे पहले कि मैं उस प्रश्न का उत्तर दूं, हाल ही में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की कुछ टिप्पणियों पर ध्यान दें, जिनमें उन्होंने इच्छा व्यक्त की कि अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को संसद में लगातार तीसरी बार बहुमत न मिले। फरवरी की शुरुआत में अपने राज्य के अंतरिम बजट के दौरान रेड्डी ने कहा कि अगर केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी अपने टकराव का रुख नहीं अपनाया। लेकिन अब वह भी गैर-भाजपा शासित राज्य सरकारों के प्रति मोदी सरकार के अहंकारी, दबंग और वास्तव में सत्तावादी रवैये को लेकर चिंतित दिख रहे हैं।हालांकि यह कहना मुश्किल है कि क्या जगन रेड्डी की धीरे-धीरे आलोचनात्मक मुद्रा और अधिक उग्र विरोध में तब्दील हो जाएगी या क्या तेलंगाना के नए कांग्रेसी मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, कर्नाटक में अपने पार्टी सहयोगियों के साथ मिलकर केंद्र से अधिक कर राजस्व और निष्पक्ष व्यवहार की मांग करेंगे। भले ही ये दोनों मुख्यमंत्री अलग रहें, लेकिन भाजपा के प्रभुत्व वाली केंद्र सरकार और गैर-भाजपा शासित राज्यों- पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक और पंजाब के बीच चल रहा टकराव बेहद चिंताजनक है, जो मुझे पहले पूछे गए प्रश्न पर वापस लाता है।इन टकरावों के कहां तक जाने की संभावना है? प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री के कथनी और करनी को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा किसी भी आधार पर इन राज्यों की मांगों को स्वीकार नहीं करना चाहती। इनके तीन तरीके हैं, जिनसे यह अन्य दलों द्वारा शासित राज्यों के हितों और इच्छाओं के खिलाफ खुद को और भी मजबूती से स्थापित करना चाहती है।पहला है, अपनी एड़ी-चोटी का जोर लगाना, और विपक्ष द्वारा नियंत्रित राज्यों को संसाधनों से वंचित वोट देने के लिए कहना, इन राज्यों के निवासियों से वादा करना कि यदि वे 'डबल इंजन सरकार' चुनते हैं तो उनके साथ अधिक अनुकूल व्यवहार किया जाएगा। तीसरा है, सीबीआई और ईडी का दुरुपयोग करके अन्य दलों के विधायकों को भाजपा में शामिल होने के लिए प्रेरित करना।ये तीनों तरीके अक्सर एक साथ काम करते हैं। भाजपा दो या दो से अधिक विपक्षी गठबंधन वाली राज्य सरकार को तोड़ने में सक्षम रही है, जैसा 2019 में कर्नाटक में, 2022 में महाराष्ट्र में, हाल ही में उसने बिहार में किया है। लेकिन जहां गैर-भाजपा पार्टी बहुमत में है, जैसे कि पश्चिम बंगाल, केरल या तमिलनाडु, वह सरकारगिराने में विफल रही है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल की वैध रूप से निर्वाचित सरकारों के खिलाफ केंद्र की स्पष्ट शत्रुता के परिणामस्वरूप कई बंगालियों, तमिलों और मलयाली लोगों में गहरी (और मेरे विचार से काफी हद तक उचित) नाराजगी है। गोदी मीडिया में भारत की संघीय व्यवस्था पर तनाव की कभी चर्चा नहीं होती। फिर भी विचारशील भारतीयों को पार्टी संबद्धता की परवाह किए बिना ऐसे मामलों पर अधिक ध्यान देना चाहिए, जो हमारे गणतंत्र के भविष्य के लिए कोई शुभ संकेत नहीं है।

## तिलोत्तमा ने कैसे लिए दो भाइयों के प्राण

विश्वकर्मा ने त्रैलोक्य में अलग-अलग स्थान से तिल-तिल करके सर्वोत्कृष्ट, बहुमूल्य तत्व एकत्रित किए। अप्रतिम सौंदर्य वाले उन कणों से एक सुंदरी की रचना की। ब्रह्मा समेत सभी देवता उसके सौंदर्य को देखकर चकित रह गए।हिरण्यकशिपु असुर के वंश में दो भाई हुए- सुंद और उपसुंद। दोनों बलशाली होने के साथ-साथ अत्यंत क्रूर भी थे। वे सदा साथ में रहते थे। यहां तक कि उनकी पसंद-नापसंद भी एक-सी थी। एक दिन फिर अप्रतिम सौंदर्य वाले उन कणों की सहायता से विश्वकर्मा ने एक सुंदरी की रचना की और उसे ब्रह्मा के समक्ष प्रस्तुत कर दिया। ब्रह्मा समेत सभी देवता उस स्त्री के अभूतपूर्व सौंदर्य को देखकर चकित रह गए।ब्रह्मा बोले, 'इसका नाम 'तिलोत्तमा' होगा, क्योंकि इसे तीनों लोकों के उत्तम तिलों को जोड़कर बनाया गया है। यही सुंद और उपसुंद के अंत का कारण बनेगी!' फिर उन्होंने तिलोत्तमा से कहा, 'तुम्हें सुंद और उपसुंद को अपने




दोनों भाइयों ने ब्रह्मा को प्रसन्न करके उनसे अमरता का वरदान प्राप्त करने का मन बनाया और इसी उद्देश्य से दोनों ने तपस्या आरंभ कर दी।सुंद-उपसुंद के तप से प्रसन्न होकर ब्रह्मा ने दर्शन दिए। दोनों ने ब्रह्मा से अमरता का वरदान मांगा। परंतु ब्रह्मा सहमत नहीं हुए, तो सुंद-उपसुंद ने कहा, 'आप यह वरदान दीजिए कि हम दोनों केवल एक-दूसरे के हाथों ही मारे जाएं तथा कोई अन्य प्राणी हमारा वध न कर सके!' यह वरदान अमर होने के समान ही था, क्योंकि दोनों भाइयों में परस्पर इतना प्रेम था कि एक-दूसरे को मारने का प्रश्न ही नहीं था ब्रह्मा ने 'तथास्तु' कहा और अंतर्धान हो गए। वरदान मिलने के बाद मृत्यु का भय समाप्त हो गया, तो दोनों भाई पूरी तरह निरंकुश हो गए। पहले उन्होंने देवलोक पर आक्रमण किया और फिर पृथ्वी पर रहने वाले ऋषि-मुनियों को सताने लगे। आखिर सभी देवता मिलकर सहायता मांगने ब्रह्मा के पास पहुंचे। ब्रह्मा ने देवताओं की व्यथा सुनी। उन्होंने कुछ देर विचार किया और फिर देवशिल्पी विश्वकर्मा को बुलाया।ब्रह्मा ने विश्वकर्मा से कहा, 'विश्वकर्मा! आप एक ऐसी स्त्री की रचना कीजिए, जो इतनी सुंदर हो कि उस जैसी स्त्री तीनों लोकों में कोई और न हो। जो उसे देखे, बस देखता रह जाए!'ब्रह्मा की आज्ञा पाकर विश्वकर्मा ने त्रैलोक्य में घूमकर अलग-अलग स्थानों से तिल-तिल करके सर्वोत्कृष्ट, सर्वाधिक बहुमूल्य एवं विस्मयकारी तत्व एकत्रित किए। सौंदर्य से लुभाना है। आगे का कार्य, वे स्वयं कर लेंगे!' तिलोत्तमा ने ब्रह्मा को प्रणाम किया और सुंद-उपसुंद के पास पहुंच गई। तिलोत्तमा को देखते ही दोनों भाइयों का रोम-रोम खिल उठा। उसके अप्रतिम लावण्य पर दोनों असुर भाई ऐसे मंत्रमुग्ध हुए कि उनमें कामाग्नि प्रज्वलित हो उठी अहा! कैसा मनमोहक सौंदर्य! मैंने ऐसी सुंदर स्त्री जीवन में पहली बार देखी है।' सुंद ने हर्ष से भरकर कहा। उपसुंद भी बोला, 'मैं इसे अपनी पत्नी बनाऊंगा!'यह सुनकर सुंद को क्रोध आ गया। उसने भाई को फटकारते हुए कहा, 'मैंने इसे पहले देखा है, इसलिए यह मेरी पत्नी है।' 'देखने से क्या होता है!' उपसुंद चिल्लाया, 'पत्नी बनाने का विचार मुझे पहले आया है। इससे विवाह मैं ही करूंगा।'तिलोत्तमा जैसी कोई दूसरी स्त्री तीनों लोकों में नहीं मिल सकती थी। उसके मादक रूप-सौंदर्य ने उनकी बुद्धि हर ली और उसे प्राप्त करने के लिए दोनों लड़ने लगे। शीघ्र ही सुंद-उपसुंद की बहस ने उग्र रूप धारण कर लिया। दोनों में हाथापाई होने लगी। तिलोत्तमा पास खड़ी मुस्करा रही थी। वह ब्रह्मा की योजना को समझ चुकी थी। उसके अनुपम सौंदर्य ने दोनों भाइयों के बीच बैर उत्पन्न कर दिया था। अगले ही क्षण, दोनों भाइयों ने तलवारें निकाल लीं। उनके बीच भीषण युद्ध होने लगा। अंत में वही हुआ, जो होना था! दोनों ने एक-दूसरे को मार डाला।तिलोत्तमा अब भी मुस्करा रही थी और देवता उस दृश्य को देखकर हर्षित हो रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रिटेन ने 6 देशों के समर्थन से हूती विद्रोहियों के खिलाफ की स्ट्राइक


**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ब्रिटिश सेना द्वारा हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर कार्रवाई जारी है। अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों पर स्ट्राइक की है। अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने ये कार्रवाई लाल लागर और अदन की खाड़ी में हूती विद्रोहियों द्वारा जहाजों पर किए जा रहे हमले के जवाब में की है।यमन स्थित हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर अमेरिका और ब्रिटिश सेना ने बड़ा हमला किया है। जानकारी के मुताबिक अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने



यमन के आठ स्थानों पर स्ट्राइक की है। इस हमले में हूती विद्रोहियों के 18 ठिकाने तबाह हो गए हैं। अमेरिका ने हूती विद्रोहियों को चेतावनी दी है कि वह अपने हमलों को तुरंत रोक दे। वरना अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहे।अधिकारियों ने बताया कि अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने शनिवार को यमन में एक दर्जन से अधिक हूती ठिकानों को तबाह किया है। अमेरिका ने यमन के सबसे अधिक आबादी वाले हिस्सों पर नियंत्रण रखने वाले हूती विद्रोहियों को निशाना बनाया है। बयान में कहा गया है कि ये सैन्य कार्रवाई यमन में आठ स्थानों पर की गई है।

### अग्निकांड में भारतीय शख्स की दर्दनाक मौत

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के हरलेन में शुक्रवार को आग लगने की घटना में 27 वर्षीय एक भारतीय पत्रकार की मौत हो गई। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय दूतावास ने मृतक की पहचान फाजिल खान के तौर पर की है। इस हादसे में इमारत में रहने वाले अन्य 18 लोग भी



घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।शुक्रवार को न्यूयॉर्क के एक अपार्टमेंट में लगी आग में एक भारतीय पत्रकार फाजिल खान की मौत हो गई। वह न्यूयॉर्क स्थित मीडिया कंपनी द हेचिंगर रिपोर्ट के पत्रकार थे। फिलहाल भारतीय दूतावास ने फाजिल खान के परिवार से संपर्क कर लिया है! और पार्थिव शरीर को भारत भेजने में मदद करने का पूरा आश्वासन दिया है। बता दें कि इस हादसे में अन्य 18 लोग भी घायल हुए हैं।

### एक हफ्ते बाद नवलनी का शव मां को सौंपा गया

**मास्को, रायटर।** एलेक्सी नवलनी का शव उनकी मां को सौंप दिया गया है। दिवंगत नवलनी की



प्रवक्ता किरा यर्मिश ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, मैं नहीं जानती कि अधिकारी नवलनी के शव को परिवार की इच्छानुसार दफनाने की इजाजत देंगे अथवा नहीं। नवलनी की विधवा यूलिया ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर नवलनी की हत्या करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कोई भी सच्चा ईसाई कभी भी वह नहीं कर सकता जो पुतिन कर रहे हैं। यूलिया ने शनिवार को जारी वीडियो में कहा था कि मेरे पति का शव दे दो आपने उसे जीवित यातना दी हैं अब तो छोड़ दो।

## पहाड़ के हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट और फूड प्रोडक्ट्स बने लोगों की पसंद

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नोएडा।** नोएडा केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा समर्थित सरस आजीविका मेले में नौवें दिन खासी भीड़ रही। लोगों आए। वहीं मेले में शनिवार को यूपी के कलाकारों ने कथक नृत्य और रामलला पर भावपूर्ण प्रस्तुति दी जिससे लोग मंत्रमुग्ध हो गए। एनआईआरडीपीआर के सहायक निदेशक चिरंजीलाल कटारिया ने बताया कि केंद्र सरकार के सरस



ने यहां जमकर खरीददारी की। सेक्टर-33ए स्तिथ नोएडा हाट में चल रहे सरस आजीविका मेले में शनिवार को यहां पहाड़ी राज्यों के उत्पादों की जमकर खरीददारी की गई। हिमाचल के हैंडलूम प्रोडक्ट्स में कुल्लू शॉल तथा जम्मू-कश्मीर के हैंडीक्राफ्ट्स में कुशन ग्लास तथा डेकोरेटिव आइटम जबकि हैंडलूम प्रोडक्ट्स में एम्ब्रोइडरी ड्रैस, पश्मीना शॉल, ड्रैस मेटेरियल तथा कुशन स्टॉल की जमकर खरीददारी हुई। वहीं झारखंड के मैंगो पिकल, आंवला पिकल, शहद, आटा, चावल , दाल, ट्रिबल ज्वैलरी के साथ-साथ हैंडलूम-हैंडीक्राफ्ट तथा फूड प्रोडक्ट्स लोगों को खासे पसंद आजीविका मेले का आयोजन प्रतिवर्ष देशभर के सभी राज्यों में किया जाता है। इसी कड़ी में नोएडा में यह चौथा आयोजन है। उन्होंने बताया कि 04 मार्च 2024 तक चलने वाले इस उत्सव में नोएडा के नोएडा हाट में मौजूद क?ीब 29 राज्यों के 400 से अधिक महिला शिल्प कलाकार, जो परंपरा, हस्तकला एवं ग्रामीण संस्कृति तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं, इसके साथ ही 85 से ज्यादा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। यही नहीं स्थानीय स्तर पर भी मेले में इस बार हैंडलूम तथा हैंडीक्राफ्ट के उत्पाद शामिल किए गए हैं, जो लोगों को आकर्षित कर रहे हैं।

## दिल्ली पुलिस के लचर रवैए के खिलाफ़ डीसीपी पूर्वी दिल्ली कार्यालय पर सीटू और जनवादी महिला समिति का प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नोएडा।** नोएडा दिल्ली पुलिस महिला सुरक्षा के लिए ऐप और ऑल वूमेन पीसीआर वैन जैसे से मारने के इरादे के साथ हमला किया। इसके बाद भी मधुबाला के सहकर्मियों तथा यूनियन द्वारा दबाव बनाने के बाद ही न्यू अशोक




कदमों से अपना पीठ थपथपाने में कोई भी कसर नहीं छोड़ती है। परंतु, असल में महिला हिंसा के मामलों में उसका ढीला रवैया इन सभी दावों की कलई खोल देता है।दिल्ली नगर निगम डीबीसी कर्मी तथा यूनियन नेत्री मधुबाला द्वारा अपने पति अरविंद कुमार के खिलाफ़ पूर्वी दिल्ली के तहत आने वाले न्यू अशोक नगर थाने तथा एसीपी व डीसीपी के समक्ष कुल 12 बार मारपीट, शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना की लिखित शिकायत करने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसी का नतीजा है कि 20.02.2024 को अरविंद कुमार ने अपने रिश्तेदारों समेत मधुबाला और उसकी बहन के साथ जान नगर थाना पुलिस ने एफ.आई.आर. दर्ज की, परंतु इसमें संगीन साजिश पूर्ण अपराध के अनुरूप धारा नहीं जोड़ी गई।दिल्ली पुलिस के इस शर्मनाक आचरण के खिलाफ़ आज दिनांक 24.02.2024 को डीसीपी कार्यालय पूर्वी दिल्ली के समक्ष सीटू और जनवादी महिला समिति द्वारा प्रदर्शन किया गया। डीसीपी महोदय को ज्ञापन भी सौंपा गया जिसमें निम्न मांगें रखी गई : 1. दिनांक 20.02.2024 में दर्ज एफ.आई.आर. संख्या 0131/2024 में साजिश पूर्ण संगीन अपराध की धारा 307, 308, 354, 509 जोड़ी जाए। साथ अरविंद और अन्य रिश्तेदारों पर घरेलू हिंसा कानून के तहत 498-ए के लिए भी एफ.आई.आर. दर्ज की जाए।

## समुद्र में डूबी द्वारका नगरी के नजदीक पहुंचे पीएम मोदी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**द्वारका।** लक्षद्वीप में डीप सी डाइविंग करने के बाद अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को गुजरात के द्वारका में समुद्र के गहरे पानी में डुबकी लगाई। पानी के अंदर जाकर पीएम मोदी ने उस स्थान पर प्रार्थना किया। उन्होंने कहा कि पानी में डूबी द्वारका नगरी में प्रार्थना करना एक बहुत ही दिव्य अनुभव था। मुझे आध्यात्मिक भव्यता और शाश्वत भक्ति के एक प्राचीन युग से जुड़ाव महसूस हुआ। भगवान श्री कृष्ण हम सभी को



की, जहां जलमग्न द्वारका शहर मौजूद है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को गहरे समुद्र में पानी के अंदर जाकर उस स्थान पर प्रार्थना की जहां जलमग्न द्वारका शहर है। उन्होंने कहा कि पानी में डूबी द्वारका नगरी में प्रार्थना करना एक बहुत ही दिव्य अनुभव था । मुझे आध्यात्मिक भव्यता और शाश्वत भक्ति के एक प्राचीन युग से जुड़ाव महसूस हुआ। भगवान श्री कृष्ण हम सभी को आशीर्वाद दें।इस धार्मिक डुबकी के बाद पीएम मोदी ने एक ट्वीट में अपने अनुभव को देशवासियों से साझा आशीर्वाद दें।' बता दें कि पीएम मोदी की जलमग्न शहर की यात्रा को समुद्री पर्यटन को बढ़ावा देने के रूप में देखा जा रहा है। द्वारका, एक समय एक समृद्ध शहर था, जिसके बारे में अब माना जाता है कि यह सदियों पहले समुद्र में डूब गया था। आपको बता दें कि यह स्कूबा डाइविंग बेयट द्वारका द्वीप के पास द्वारका के तट पर की जाती है, जहां लोग पुरातत्वविदों द्वारा खुदाई किए गए प्राचीन द्वारका के पानी के नीचे के अवशेषों को देख सकते हैं।

## एएनएम ने सीखा कब और कौन सी बीमारी से बचाव के लिए लगाए जाते हैं बच्चों को टीके

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नोएडा।** नोएडा नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (एएनएम) को



टीकाकरण के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार-शुक्रवार को आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में टीकाकरण की माइक्रो प्लानिंग, टीकाकरण सत्र, वैक्सीन के रखरखाव, व बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया।विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एसएमओ डा. तनवीर अहमद ने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को एडवर्स इवेंट फॉलोइंग इम्यूनाइजेशन (एईएफआई), टीकाकरण के माइक्रो प्लान के बारे में बताया। उन्होंने बताया हेड काउंट सर्वे के आधार पर बच्चे और गर्भवती की संख्या की गणना कर सत्र निर्धारित करते हुए बुधवार और शनिवार को टीकाकरण करें। डा. तनवीर ने यह भी बताया कि किस तरह टीकाकरण का विरोध करने वालों को टीका लगवाने के लिए तैयार किया जाता है। उन्होंने बताया ऐसे लोगों को प्रेरित करने के लिए क्षेत्रके प्रभावशाली व्यक्तियों, धर्मगुरुओं, चिकित्सकों आदि की मदद लें, साथ ही यह बताएं कि टीका पूरी तरह सुरक्षित है। निजी चिकित्सालयों की अपेक्षा सरकार द्वारा उपलब्ध टीकों का रखरखाव ज्यादा बेहतर होता है। यह तमाम बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है।इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बादलपुर के बाल रोग विशेषज्ञ डा. रनवीर सिंह ने बताया कि बच्चे को कौन सी बीमारी से बचाव और किस उम्र में कौन सा टीका लगाया जाता है। उन्होंने वैक्सीन की गुणवत्ता बरकरार रखने के बारे में भी बताया। इसके अलावा उन्होंने हेल्थ इंफॉर्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम (एचआईएमएस) पोर्टल पर समय से रिपोर्टिंग करने पर जोर दिया।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा नोएडा महानगर ने युवा चौपाल का किया आयोजन


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नोएडा।** नोएडा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल के स्वर्णिम 10 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं इस अवसर पर युवाओं को भाजपा से जोड़ने के लिए प्रदेश ज्यादा स्थानों पर युवा चौपाल के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे युवा चौपाल मे 18 वर्ष से 35 वर्ष के 20 लाख युवाओं को जोड़ा जाएगा । युवा चौपाल के कुशल क्रियान्वयन के लिए प्रदेश भर के प्रत्येक मंडल




भर में ग्राम पंचायत स्तर पर युवा चौपाल कार्यक्रम करने जा रहा है भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष माननीय भूपेंद्र सिंह चौधरी जी प्रदेश महामंत्री (संगठन )माननीय धर्मपाल सिंह जी के निर्देशानुसार भारतीय जनता युवा मोर्चा ने निर्णय लिया है कि पूरे प्रदेश में 24 फरवरी से 5 मार्च 2024 तक प्रत्येक जिले में ग्राम पंचायत व वार्ड स्तर पर 35000 से में एक विस्तारक की योजना की गई है प्रत्येक कार्यक्रम में कम से कम 50 युवाओं की उपस्थिति रहेगी।युवा चौपाल में माननीय विधायक जी अपनी सांसद जी जिला अध्यक्ष जी भी उपस्थित रहेंगेनोएडा महानगर में ऑटो मंडलों में विस्तार को की योजना बनाई गई है और मंडल कार्यशाला करके युवा चौपाल कार्यक्रमों के स्थान चिन्हित किए गए हैं।

## बेसिक लाइफ सपोर्ट ट्रेनिंग संपन्न


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नोएडा।** केंद्रीय नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ में चल ने अलग अलग विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया। केंद्रीय नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान बख्शी




रहा बेसिक लाइफ सपोर्ट कोर्स सफलता पूर्वक संपन्न हो गया, सफल प्रशिक्षार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।बख्शी का तालाब के छठा मील स्थित नागरिक सुरक्षा के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान पर गत 19 फरवरी से छः दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा था। प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न जिलों के विभिन्न विभागों से आए अधिकारियो/कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में होमगार्ड विभाग, नगर एवं ग्राम्य नियोजन विभाग, विधिक माप विज्ञान (बांट- माप) विभाग, के अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।गत 19 फरवरी से आयोजित बेसिक लाइफ सपोर्ट कोर्स में सहारनपुर के उपनियंत्रक कश्मीर सिंह व राष्ट्रपति पदक से सम्मानित वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक मनोज वर्मा का तालाब की कमांडेंट पीसीएस अधिकारी नीता यादव के दिशा निर्देशन में प्रशिक्षण संपन्न हुआ।प्रशिक्षण के अंतिम दिन आज प्रशिक्षण के समापन पर सभी प्रशिक्षार्थियों को कमांडेंट नीता यादव के हस्ताक्षर युक्त प्रमाणपत्र उपनियंत्रक कश्मीर सिंह और सहायक उपनियंत्रक मनोज वर्मा के कर कमलों से प्रदान किए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशिक्षक योगेश कुमार भी उपस्थित थे। प्रशिक्षण में होमगार्ड विभाग से आशीष कुमार, सुरजीत सिंह, बाबू राम, सत्तार खान, रामस्वरूप सिंह, रणवीर सिंह, दिलीप सिंह, सुधीर कुमार, विधिक माप विज्ञान (बांट-माप) विभाग से शशांक शुक्ला, अवनीश यादव, नगर एवं ग्राम्य नियोजन विभाग से साजन कंचन, चंद्र भूषण शुक्ला, अनिल कुमार यादव, गोविंद कुमार, ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया।

## पुलिस कस्टडी और सुधार गृह में भी सुरक्षित नहीं महिलाएं

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नोएडी।** नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो ने 2017 से 2022 तक के दुष्कर्म के कुछ आंकड़े पेश किए हैं। आंकड़ों के मुताबिक, इन पांच सालों में हिरासत में दुष्कर्म के कुल 270 से अधिक मामले दर्ज किए गए। एक महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने ऐसे मामलों के लिए कानून प्रवर्तन अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार, अपराधियों में पुलिसकर्मी, लोक सेवक, सशस्त्र बलों के सदस्य और जेलों, रिमांड होम, हिरासत के स्थानों और अस्पतालों के कर्मचारी शामिल हैं। डेटा में इस बात पर जोर दिया गया है कि पिछले कुछ सालों में ऐसे मामलों में धीरे-धीरे कमी आई है।




प्रणालियों के भीतर संवेदनशीलता और जवाबदेही की कमी को जिम्मेदार ठहराया।हाल ही में नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो ने एक डेटा पेश किया है जिसमें इस बात पर जोर दिया गया है कि हिरासत में दुष्कर्म के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। डेटा के मुताबिक 2022 में 24 मामले दर्ज किए गए जबकि 2021 में 26 2020 में 29 2019 में 47 2018 में 60 और 2017 में 89 मामले दर्ज किए गए थे।राष्ट्रीय 2022 में 24 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2021 में 26, 2020 में 29, 2019 में 47, 2018 में 60 और 2017 में 89 मामले दर्ज किए गए थेहिरासत में दुष्कर्म के मामले भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (2) के तहत दर्ज किए जाते हैं। यह धारा विशेष रूप से उन मामलों से संबंधित है, जहां अपराधी किसी महिला के साथ दुष्कर्म करने के लिए अपने अधिकार या उसकी हिरासत की स्थिति का लाभ उठाता है।

## लोकसभा चुनाव की तारीख का हो गया एलान

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** देश में इस साल होने वाले आम चुनाव किस महीने होने वाला है वहीं, चुनाव नतीजे कब आएंगे? ऐसे कई सवालों को जवाब जानने के लिए देशवासी उत्सुक हैं।सोशल मीडिया पर तेजी से यह खबर फैल रही है कि 12 मार्च को लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान हो सकता है। नॉमिनेशन फाइल करने की आखिरी तारीख 28 मार्च है। वही 19 अप्रैल को चुनाव होने वाले हैं और 22 मई को रिजल्ट सामने आएंगे। यह खबर झूठी है। चुनाव आयोग ने एक्स हैंडल पर इस झूठी खबर की जानकारी साझा की।सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर यह खबर शेयर की जा रही है। इस मामले पर चुनाव आयोग ने प्रतिक्रिया दी है। चुनाव आयोग ने एक्स पर पर पोस्ट किया, व्हाट्सएप पर लोकसभा चुनाव 2024 के शेड्यूल के बारे में एक फर्जी संदेश साझा किया जा रहा है। फैक्ट चेक में पता चला कि यह संदेश फर्जी है। चुनाव आयोग द्वारा अब तक किसी तारीख की घोषणा नहीं की गई है।चुनाव आयोग ने आगे जानकारी दी, आयोग द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जाती है।

## लीवर ट्रांसप्लांट के लिए डॉक्टरों को किया एयरलिफ्ट

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना ने एक बार फिर इंसानियत की मिसाल पेश की है। वायुसेना ने एक मरीज की जान बचाने के लिए डॉक्टरों की टीम को एयरलिफ्ट किया है। पूर्व सैनिक की जान बचाने के लिए भारतीय वायु सेना ने डॉक्टरों की एक टीम को एयरलिफ्ट किया। बता दें कि डॉक्टरों की टीम को वायु सेना के एक जहाज से पुणे से दिल्ली लाया गया। उनके पास एक लीवर भी था जिसकी मदद से पूर्व सैनिक की जान बचा ली गई। ये ऑपरेशन 23 फरवरी को अंजाम दिया गया।समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, भारतीय वायु सेना ने अपने डोर्नियर विमान की मदद से पूर्व सैनिक की जान बचाने के लिए लीवर ट्रांसप्लांट करने वाली डॉक्टरों की टीम को एयरलिफ्ट किया है। उन्होंने डॉक्टरों की एक टीम को पुणे से दिल्ली पहुंचाया। वायुसेना की तत्परता के कारण मरीज की जान बच पाईभारतीय वायुसेना ने बताया कि 23 फरवरी की रात को उन्हें जानकारी मिली थी कि डॉक्टरों की एक टीम को पुणे से दिल्ली तक एयरलिफ्ट करना है। डॉक्टरों के पास एक लीवर है, जिसकी मदद से मरीज का लीवर ट्रांसप्लांट करना है। इसके बाद ईंइ ने डोर्नियर विमान को एयरलिफ्ट के लिए चुना। वायुसेना ने कहा कि ट्रांसप्लांट सर्जरी से मरीज की जान बचाई जा सकी।



## कांग्रेस सरकार में दिवालिया हो रहा कर्नाटक भाजपा ने सिद्धारमैया को बताया 'सिद्धारमुल्ला खान'

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**कारवार (कर्नाटक)।** भाजपा सांसद अनंत कुमार हेगड़े ने



मुख्यमंत्री सिद्दरमैया को "सिद्दरमुल्ला खान" कहते हुए आरोप लगाया कि उनके नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में कर्नाटक दिवालिया हो रहा है। उनकी सरकार राज्य को लूटना चाहती है। हेगड़े पर पलटवार करते हुए सीएम सिद्दरमैया ने भाजपा को मुस्लिम और अल्पसंख्यक विरोधी करार दिया।भाजपा सांसद अनंत कुमार हेगड़े ने मुख्यमंत्री सिद्दरमैया को सिद्दरमुल्ला खान कहा। हेगड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोगों के हित के लिए 370 से अधिक योजनाएं लेकर आए। उन्होंने लगभग सभी क्षेत्रों के लिए काम किया।उनके नेतृत्व में भारत आज पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा। पार्टी के एक कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने कभी भी देश के हित से समझौता नहीं किया।हेगड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोगों के हित के लिए 370 से अधिक योजनाएं या कार्यक्रम लेकर आए। उन्होंने लगभग सभी क्षेत्रों के लिए काम किया है। उनके नेतृत्व में भारत आज पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है।समझौता नहीं किया। उनकी सरकार की गारंटी ने ही देश को मजबूत बनाया है। लेकिन, यहां हमारे सिद्दरमुल्ला खान तमाम गारंटी देते हैं, लेकिन उनकी सरकार के पास कर्मचारियों को वेतन, विकास कार्यों और विधायकों को फंड देने के लिए पैसे नहीं हैं।ग्यारह हजार करोड़ रुपये से अधिक एससी-एसटी फंड को डायवर्ट किया जा रहा है। राज्य सरकार दिवालिया हो रही है। हेगड़े ने कहा कि कांग्रेस वोट पाने के लिए राज्य को लूटना चाहती है।

## दीदी अब 'आंटी' बन गई हैं व्ळ में आकर सुवेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी को क्यों कहा क्रूर महिला


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** संदेशखाली मामले को लेकर भाजपा लगातार ममता सरकार पर निशाना साध रही है। सुवेंदु अधिकारी शनिवार को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी पहुंचे थे। बंगाल भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी शनिवार को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी पहुंचे थे। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने संदेशखाली मामले को लेकर ममता सरकार पर निशाना साधा है। जेएनयू में भाजपा नेता पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार भी थे।ममता सरकार भी वामपंथी पीढ़ी की तरह ही दमन कर रहीः सुकांत मजूमदार कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद यार्नीॅन्झ् ने किया था। सुकांत ने छात्रों के सामने संदेशखाली में पहले दिन से अब तक जो कुछ हुआ, उसकी जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि बीजेपी को वहां किस तरह बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है।सुकांत मजूमदार ने आगे कहा कि ममता



बंगाल में राजनीतिक हिंसा पर एक पैनल डिस्कशन को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार भी थे।उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी को 'दीदी' कहना बंद करें। अव वो 'आंटी' बन चुकी हैं। सुवेंदु ने आगे कहा, ठमैंने विधानसभा चुनाव के दौरान मैंने उन्हें नंदीग्राम से हराया था, जिसके बाद उन्होंने मेरे खिलाफ 42 मामले दर्ज कराए, वो क्रूर महिला हैं।' जेएनयू में सुवेंदु ने छात्रों को किया संबोधितबता दें कि जेएनयू में भाजपा नेता पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा पर एक पैनल डिस्कशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां संदेशखाली मामले का भी जिक्र किया। उनकेसाथ पश्चिम बनर्जी की सरकार भी वामपंथी पीढ़ी की तरह ही दमन कर रही है। ममता सरकार को लोगों पर कोई दया नहीं है। सुकांत और सुवेंदु ने सभी छात्रों से संदेशखाली के साथ खड़े होने का आग्रह कियापश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने तीखा हमला बोला। संदेशखाली में कथित भयावह घटनाओं पर विवाद के बीच पूनावाला ने मालदा जिले में एक दुष्कर्म की घटना का दावा किया है।पूनावाला नें (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में दावा करते हुए लिखा 'संदेशखाली हो या मालदा, बंगाल में कोई भी महिला सुरक्षित नहीं है।

# 100 करोड़ कमाने में छूटे पसीने शनिवार को 'तेरी बातों में पर हुई इतनी ही धन वर्षा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** रोबोट और इंसान की लव स्टोरी फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में शाहिद कपूर और कृति सेनन की लव स्टोरी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रही है। पहली बार दोनों की जोड़ी बड़े पर्दे पर देखने को मिली है, जिसने शुरुआती दिनों में धमाल मचा दिया।कृति सेनन ने साल की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में की है। हाल ही में उनकी मूवी णैं का टीजर रिलीज हुआ। वहीं इसी महीने एक्ट्रेस की फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया रिलीज हुई जो कि बॉक्स ऑफिस पर एवरेज कलेक्शन करते हुए एक लेवल पर आ गई है। फिल्म को रिलीज हुए दो हफ्ते का समय बीत चुका है।तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' बड़े बैनर, दिनेश विजान की फिल्म है। पोस्टर अनाउंसमेंट के टाइम से ही फिल्म लोगों की नजरों में बनी रही। 9 फरवरी को ये मूवी रिलीज हुई। दो हफ्तों में फिल्म ने ठीकठाक कमाई कर बॉक्स ऑफिस पर एक मुकाम हासिल कर लिया है। हालांकि, शतक बनाने से मूवी अब भी थोड़ी दूर है।शाहिद कपूर और कृति सेनन की ये फिल्म धीमी गति से टिकट विंडो पर आगे बढ़ रही है। शुक्रवार को जहां मूवी ने 2.5 करोड़ का कलेक्शन किया, वहीं शनिवार को इसकी कमाई में गिरावट देखी गई। सैकनिक की रिपोर्ट के अनुसार, सेकंड सैटरडे फिल्म ने 2.35 करोड़ का बिजनेस किया। इससे फिल्म का टोटल डोमेस्टिक कलेक्शन 70 करोड़ के पार हो गया है। हालांकि, जिस रफ्तार से यह फिल्म आगे बढ़ रही है, उसे देखे यह जरूर लगता है कि 100 करोड़ तक पहुंचने में इसे दो से तीन हफ्ते और लगेंगे।आर्यन अग्निहोत्री (शाहिद कपूर) एक रोबोटिक्स इंजीनियर है, जो अपनी मासी उर्मिला शुक्ला (डिंपल कपाड़िया) की कंपनी में काम करता है। यहां उसकी मुलाकात सुपर इंटेलिजेंट फीमेल रोबोट ऑटोमेशन सिफ्रा (कृति सेनन) से होती है, जो इंसान की तरह दिखती और व्यवहार करती है। लेकिन आर्यन इस बात से अंजान है। आर्यन को सिफ्रा से प्यार हो जाता है। बाद में उसे पता चलता है कि वह एक रबोट है और उसकी मासी ने यह देखने के लिए उससे झूठ बोला था कि क्या इंसान, सिफ्रा को खुद से अलग बता सकता है। हालांकि, आर्यन अपने दिल की बात सुनते हुए सिफ्रा को इंडिया लाकर अपनी फैमिली से मिलवाता है। इसके बाद शुरू होता है कॉमेडी का सिलसिला।



# ईशा मालवीय इस सेलिब्रिटी ने किया ईशा को व्लॉगिंग करने के लिए प्रेरित बिग बॉस कंटेस्टेंट ने किया खुलासा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** हाल ही में बिग बॉस 17 के ज्यादातर कंटेस्टेंट अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, समर्थ जुरेल, ईशा मालवीय, ऐश्वर्या शर्मा, नील भट्ट समेत कई लोग एक बार फिर साथ में नजर आए। ये सभी लोग डांस रियलिटी शो 'डांस दीवाने 4' में अपने पसंदीदा उम्मीदवार को सपोर्ट करने के लिए पहुंचे थे।बिग बॉस खत्म होने के बाद अब इसकी कंटेस्टेंट ईशा मालवीय ने व्लॉगिंग करना शुरू कर दिया है। इस बात का खुलासा उन्होंने खुद डांस रियलिटी शो डांस दीवाने के सेट पर किया। इसके साथ ही ईशा ने यह भी बताया कि उन्हें व्लॉगिंग करने के लिए किस सेलिब्रिटी ने प्रेरित किया है। डांस दीवाने के सेट पर बिग बॉस के कई कंटेस्टेंट दिखाई दिए।अब इस शो में बिग बॉस 17 की कंटेस्टेंट ईशा मालवीय ने खुलासा किया है कि एक सेलिब्रिटी ने उन्हें व्लॉगिंग शुरू करने के लिए प्रेरित किया था। बता दें कि बिग बॉस के बाद ईशा अपना पहला व्लॉग फिल्मा रही हैं।बिग बॉस 17 की कंटेस्टेंट ईशा मालविया ने शेयर किया कि उन्हें डांस दीवाने 4 की होस्ट और फेमस कॉमेडियन भारती सिंह ने व्लॉगिंग करने के लिए प्रेरित किया था। डांस दीवाने 4 के सेट पर ईशा ने भारती से बातचीत करते हुए कहा, 'भारती दी, ये देखो आपसे इंस्पायर हो कर व्लॉगिंग शुरू कर दी है। ईशा मालवीय की बात सुनकर कॉमेडी क्वीन ने उन्हें शुभकामनाएं दीं'।ईशा के बारे में बात करते हुए भारती ने कहा, 'ईशा ने इसे शुरू कर दिया है और रोजाना व्लॉग करना और किसी के जीवन के बारे में बात करना बहुत बड़ी बात है। जो लोग रोजाना व्लॉग बनाते हैं, मुझे लगता है वो आपसे बहुत प्यार करते हैं। इसलिए वे अपनी लाइफ शेयर करना चाहते हैं'।हाल ही में, ईशा मालवीय और समर्थ जुरेल को लेकर यह खबरें आ रही थीं कि दोनों का ब्रेकअप हो गया है। इसके बाद ईशा से भी इस बारे में पूछा गया। इस पर एक्ट्रेस ने मुंह बनाते हुए जवाब दिया, 'अरे भाई माफ करो। कौन फैला रहा है, मुझे लगता है कि तुम लोग ही फैला रहे हो, ऐसा कुछ नहीं है'।



# लाल सिंह चड्ढा' के फेलियर पर आमिर ने तोड़ी चुप्पी, एक्टर बोले- फ्लॉप होने पर मिली सीख

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान ने अभी तक कई हिट फिल्मों में काम किया है। उन्होंने लंबे समय के बाद साल 2022 में लाल सिंह चड्ढा से वापसी की, लेकिन उनकी ये फिल्म फ्लॉप रही। इस मूवी के बाद उन्होंने फिर से ब्रेक ले लिया।साल 2022 में आई आमिर खान और करीना कपूर स्टारर फिल्म लाल सिंह चड्ढा बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी। इस मूवी के बाद आमिर ने एक्टिंग करियर से ब्रेक ले लिया। अब इसके कई साल बाद एक इंटरव्यू में अभिनेता ने खुद इसके फेलियर पर चुप्पी तोड़ी है और बताया है कि कैसे इसके फ्लॉप होने पर उन्हें सीख मिली है।कुछ समय पहले आमिर खान की एक्स वाइफ किरण राव ने इस फिल्म के बारे में बात की थी और अब खुद आमिर ने इस पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने इस बात का भी खुलासा किया कि इसके फ्लॉप होने का उनपर क्या असर पड़ा।आमिर खान ने हाल ही में एबीपी के एक कार्यक्रम में बात करते हुए लाल सिंह चड्ढा के फेलियर पर चुप्पी तोड़ी। आमिर ने कहा, 'यह फिल्म मेरे दिल के करीब है। अद्वैत, करीना और पूरी कास्ट और क्रू ने इस पर कड़ी मेहनत की, लेकिन यह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। लंबे समय के बाद मेरी फिल्म नहीं चली, तो परिवार और दोस्त मुझसे पूछने घर आते थे, 'क्या मैं ठीक हूं'।इसके आगे उन्होंने कहा, 'मुझे एहसास हुआ कि फिल्म फ्लॉप होने के बाद मुझे बहुत प्यार मिला। वह इसका मजेदार पक्ष था। रियल साइड यह है कि असफलता आपको सिखाती है कि सच में क्या गलत हुआ है। इससे आपको यह समझने का मौका मिलता है कि उस कहानी को बताने में आपकी क्या गलती थी'।एक्टर आगे कहा, 'मैंने इस पर बहुत सोचा, यह मेरे लिए बड़ी सीख थी। मुझे याद है मैंने किरण से कहा था, 'मैंने इस फिल्म में कई गलती की हैं और वो भी कई लेवल में। भगवान का शुक्र है कि मैंने ये गलतियां सिर्फ एक फिल्म में कीं। इमोशनली मैं काफी हर्ट हुआ कि फिल्म नहीं चली। इस बात को समझने में मुझे समय लगा'।



# अभिनय के लिए छोड़ी पढ़ाई 3 साल के करियर में शाह रुख-गोविंदा संग दी सुपरहिट फिल्में

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** दिव्या भारती फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्रियों में से एक रही हैं। वह एक ऐसी एक्ट्रेस थीं, जिन्होंने बहुत कम समय और बहुत कम उम्र में इंडस्ट्री में अपनी अमिट छाप छोड़ी थी 25 फरवरी को बॉलीवुड एक्ट्रेस की बर्थ एनिवर्सरी है। दिव्या भारती बॉलीवुड इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्रियों में से एक रही हैं। उन्होंने बेहद कम उम्र में अपने करियर की शुरुआत कर दी थी। ऐसा कहा जाता है कि जो भी उन्हें देखता था बस देखता ही रह जाता था। दिव्या ने कम उम्र में अपनी एक अलग पहचान बना ली थीएक्ट्रेस ने अपने छोटे से फिल्मी करियर में कई दिग्गज कलाकारों के साथ काम किया और मशहूर हुईं। 25 फरवरी को एक्ट्रेस की बर्थ एनिवर्सरी है। ऐसे में चलिए जानते हैं दिव्या भारती से जुड़े कुछ किस्सों के बारे में।दिव्या भारती का जन्म 25 फरवरी, 1974 को मुंबई में हुआ था। उनकी शुरू से अभिनय में रुचि रही और यही वजह थी उन्होंने 16 साल की उम्र में पढ़ाई छोड़कर अभिनय करना शुरू कर दिया था। दिव्या ने साल 1990 में तेलुगु फिल्म 'बोब्बिली राजा' से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थाइस मूवी में उनके साथ साउथ सुपरस्टार वेंकटेश ने अभिनय किया था। इसके बाद उन्होंने साउथ की कई फिल्मों में काम किया। साउथ के बाद दिव्या ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत फिल्म 'विश्वात्मा' से की थी। इस फिल्म में उनके साथ सनी देओल, अमरीश पुरी, चंकी पांडे और नसीरुद्दीन शाह मुख्य भूमिका में थ फिल्म 'विश्वात्मा' तो बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई, लेकिन इस मूवी ने दिव्या भारती को रातों-रात स्टार बना दिया।



# आर्टिकल 370' के लिए शानदार रहा शनिवार, कमाई में आया जबरदस्त उछाल

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** डायरेक्टर आदित्य सुहास जांभले के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल 370 की चर्चा इस वक्त हर तरफ हो रही है। सिनेमाघरों में रिलीज होने के साथ ही यामी गौतम स्टारर ये मूवी हर किसी को आकर्षित कर रही है। कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने वाले मुद्दे पर आधारित आर्टिकल 370 को लेकर प्रशंसकों की शुरुआती प्रतिक्रियाएं सकारात्मक आ रही हैं,फिल्म आर्टिकल 370 को लेकर अब इस समय खूब चर्चा हो रही है। शुक्रवार यानी कल ये यामी गौतम की ये फिल्म बड़े पर्दे पर रिलीज की जा चुकी है। पहले दिन इस मूवी ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर के दिखाया है। ठीक इसी क्रम को जारी रखते हुए आर्टिकल 370 ने दूसरे दिन भी बेहतरीन कमाई की है।जिसका अनुमान बॉक्स ऑफिस पर इस मूवी के धमाकेदार आगाज से लगा सकते हैं। इस बीच यामी गौतम की आर्टिकल 370 के दूसरे दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं। आइए जानते हैं कि फिल्म के कलेक्शन में दूसरे दिन कितना उछाल आया है।शानदार एडवांस बुकिंग के दम पर रिलीज के पहले दिन आर्टिकल 370 को बेहतरीन ओपनिंग मिली। इस फिल्म को लेकर क्रिटिक्स और ऑडियंस की तरफ से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलता हुआ नजर आ रहा है, जिसकी बदौलत कमाई के मामले में आर्टिकल 370 आगे की तरफ बढ़ रही हैं।इस बीच गौर किया जाए आर्टिकल 370 के दूसरे दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की तरफ तो सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार फर्स्ट शनिवार के कारोबार की तरफ तो इस मूवी ने करीब 6.15 करोड़ की कमाई की है।फिल्म के कलेक्शन के ये आंकडे फिलहाल पूर्वानुमान हैं, वास्तविक नंबर्स आना अभी बाकी हैं। लेकिन पहले दिन के कलेक्शन के आधार पर तुलना की जाए तो दूसरे दिन कमाई में करीब 2 करोड़ की बढ़ोत्तरी हुई है।आर्टिकल 370 को लेकर ऐसा लग रहा था कि ये फिल्म कुछ ज्यादा खास कमाल नहीं दिखा पाएगी।



# रकुल प्रीत सिंह ने जैकी भगनानी के लिए पहली रसोई में बनाया हलवा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की फेमस जोड़ियों में से एक रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी शादी करके मुंबई वापस लौट आए हैं। अब एक्ट्रेस रकुल प्रीत ने शादी के बाद पहली बार रसोई में कदम रखा है। सोशल मीडिया पर रकुल ने एक तस्वीर शेयर कर फैंस को बताया कि उन्होंने अपनी पहली रसोई में भगनानी परिवार के लिए क्या बनाया है।ने 21 फरवरी 2024 को गोवा में धूमधाम से शादी रचाई। इस शादी में दोनों के दोस्त और परिवार के कुछ करीबी लोग ही शामिल हुए। शादी के बाद कपल ने सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें भी शेयर की जो काफी वायरल भी हुईं। अब रकुल ने अपनी पहली रसोई की तस्वीर शेयर की है।रकुल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक स्टोरी शेयर की है। इसमें उन्होंने हलवे से भरी कटोरी की फोटो शेयर की है। ऐसे में ये साफ है कि शादी के बाद एक्ट्रेस पहली बार रसोई में गई हैं, जहां उन्होंने पहली बार मीठे में हलवा बनाया है। इस फोटो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'चौका चढ़ाना'।बता दें कि हाल ही में रकुल ने अपने इंस्टाग्राम की प्रोफाइल फोटो भी चेंज कर ली है। एक्ट्रेस ने अब अपनी और जैकी भगनानी की शादी वाली फोटो प्रोफाइल फोटो पर लगा ली है। प्रोफाइल फोटो बदलने के बाद अब कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या वह अपना सरनेम भी बदलेंगी आज शनिवार को जैकी भगनानी ने रकुल के साथ शादी की नई तस्वीरें भी शेयर की हैं, इसमें दोनों रोमांटिक अंदाज में पोज देते नजर आए। एक फोटो में जैकी अपनी लेडी लव के प्यार में डूबे दिखाई दे रहे हैं। दूसरी फोटो में दोनों मंडप के पास पोज दे रहे हैं और तीसरी तस्वीर में दोनों ने हाथ पकड़कर रोमांटिक पोज दिया।



# राहुल वैद्य और दिशा परमार ने करवाए बेटी नव्या को महालक्ष्मी जगदम्बा मंदिर के दर्शन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।**टीवी के फेमस कपल में से एक दिशा परमार और राहुल वैद्य सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं और वहां अपनी बेटी के साथ तस्वीरें और वीडियो शेयर कर फैंस को झलक दिखाते रहते हैं।ने बीते साल 20 सितंबर को बेटी नव्या वैद्य का स्वागत किया है। अब दोनों अपने पेरेंटहुड को एन्जॉय कर रहे हैं। हाल ही में इस कपल ने अपनी लाडली बेटी को महालक्ष्मी जगदम्बा मंदिर के दर्शन करवाए हैं और माता का आशीर्वाद लिया है। इसका एक वीडियो राहुल ने अपने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर किया है।इस कपल ने बीते साल 20 सितंबर को अपनी बेटी नव्या वैद्य का स्वागत किया है और कुछ दिनों पहले ही उसका चेहरा भी फैंस को दिखा दिया। अब यह कपल अपनी बेटी के साथ टाइम स्पेंड कर रहा है। हाल ही में उन्होंने नव्या को महालक्ष्मी जगदम्बा मंदिर के दर्शन कराए, जिसका वीडियो भी उन्होंने फैंस को दिखाया है।राहुल वैद्य और दिशा परमार ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह अपने पूरे परिवार के साथ महालक्ष्मी जगदम्बा मंदिर में दर्शन करते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान उन्होंने नव्या को गौशाला में गौ माता से भी मिलवाया।वीडियो को शेयर करते हुए राहुल ने कैप्शन में लिखा, 'जब मेरा जन्म हुआ था तब मेरी माता जी ने मुझे इसी महालक्ष्मी माता के चरणों में रखकर आशीर्वाद लिया था। वैसे ही हमारी बिटिया नव्या को माताजी के पैरों में रखकर दिशा और मैंने उसके लिए आशीर्वाद लिया। मंदिर के ही परिसर मे एक गौशाला का ये वीडियो'।राहुल और दिशा के इस वीडियो पर उनके फैंस रिएक्शन भी दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'यह देखकर बहुत खुशी हुई। महालक्ष्मी जगदंबा माता आपके परिवार को आशीर्वाद दें'। एक अन्य ने लिखा, 'राहुल वैद्य आप सबसे स्वीट, सच्चे और लविंग-केयरिंग पर्सन हैं'।



# प्राइम फोटो के बाद इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी 'ओपेनहाइमर'

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** हॉलीवुड डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन ने बीते साल ओपेनहाइमर नामक फिल्म बनाई, जिसने कामयाबी का एक नया अध्याय लिखा। सिलियन मर्फी स्टारर इस मूवी को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला और मूवी सुपरहिट साबित हुई है।हॉलीवुड फिल्म ओपेनहाइमर बीते साल की सबसे सफल फिल्मों में से एक है। इस सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर भी सिलियन मर्फी स्टारर इस फिल्म ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने के लिए तैयार है। प्राइम वीडियो पर रेंट फॉर्मेट में रिलीज होने के बाद अब फ्री में ओटीटी पर स्ट्रीम होने के लिए पूरी तरह से तैयार है।ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रेंट फॉर्मेट में ऑनलाइन स्ट्रीम होने के बाद अब ओपेनहाइमर फ्री में ओटीटी पर रिलीज होने के लिए तैयार है। ऐसे में आइए जानते हैं कि इस मूवी को कब और कहां किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर फ्री में रिलीज किया जाएगा।फिल्म ओपेनहाइमर की कहानी अमेरिकी वैज्ञानिक रॉबर्ट ओपेनहाइमर के जीवन से प्रेरित है। दूसरे विश्व युद्ध के दौरान उन्होंने परमाणु बम बनाने की योजना में अहम भूमिका अदा की थी। बड़े पर्दे पर हॉलीवुड कलाकार सिलियन मर्फी ने रॉबर्ट के किरदार को बखूबी अदा किया, जो दर्शकों का काफी पसंद आया है।अगर आपने अभी तक इस फिल्म को नहीं देखा तो आप अब आपके पास ओपेनहाइमर को फ्री में ऑनलाइन देखने का खास मौका आने वाला है। मिली जानकारी के मुताबिक ओपेनहाइमर को 21 मार्च 2024 को ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा में फ्री में स्ट्रीम किया जा सकता है।



# 25 साल बेमिसाल वेडिंग एनिवर्सरी पर काजोल ने यूं लुटाया पति अजय देवगनपर प्यार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के सेलेब्स की सबसे पॉपुलर और पसंदीदा जोड़ी के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें अभिनेत्री काजोल और अभिनेता अजय देवगन का नाम शीर्ष पर काबिज होगा। ये जोड़ी वो जोड़ी है, जो रील लाइफ से लेकर रियल लाइफ में भी सुपरहिट है। फिल्मों से शुरू हुई काजोल और अजय की प्रेम कहानी असल जिंदगी में कामयाब है।काजोल और अजय देवगन हिंदी सिनेमा के फेवरेट कपल में से एक माने जाते हैं। अजय और काजोल की जोड़ी ऑन स्क्रीन और ऑफ स्क्रीन काफी हिट रही है। इस बीच शादी की 25वीं सालगिरह के मौके पर काजोल ने पति अजय देवगन पर जमकर प्यार लुटाया है। इस दौरान उन्होंने कुछ रोमांटिक फोटो को सोशल मीडिया पर भी शेयर किया है।आज ये कपल अपनी शादी की 25 सालगिरह यानी सिल्वर जुबली मना रहा है। इस खास अवसर पर काजोल ने पति अजय देवगन के साथ लेटेस्ट रोमांटिक फोटो को साझा किया है। आइए एक नजर इन तस्वीरों पर डालते हैं।अजय देवगन और काजोल इंडस्ट्री के इतने बड़े नाम हैं, जिनके बारे में जितनी चर्चा की जाए उतनी कम है। बतौर को-स्टार और रियल लाइफ पार्टनर के तौर पर ये दोनों काफी लकी माने जाते हैं। आए दिन सोशल मीडिया पर ये कपल एक दूसरे पर प्यार लुटाता हुआ नजर आता रहता है। ऐसे में 25वीं वेडिंग एनिवर्सरी के मौके पर अजय और काजोल कहां पीछे रहने वाले थे। 24 फरवरी शनिवार को काजोल ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट तस्वीरों को शेयर किया है। इन फोटो में आप देख सकते हैं कि काजोल और अजय देवगन एक साथ बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं।



# श्रीदेवी की डेथ एनिवर्सरी पर बेटी खुशी हुईं इमोशनल तस्वीर शेयर कर किया मां को याद

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।**हिंदी सिनेमा की मशहूर दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी अब भले ही इस दुनिया में न हो, लेकिन वह अपनी फिल्मों के जरिए फैंस के दिलों में आज भी जिंदा हैं। उनकी फिल्मों के गाने लोग आज भी गुनगुनाते हैं।आज 24 फरवरी को दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की डेथ एनिवर्सरी है। इस मौके पर उनकी छोटी बेटी खुशी कपूर ने उन्हें याद करते हुए एक पुरानी तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर को देखने के बाद उनके फैंस काफी इमोशनल हो गए हैं। इस फोटो में दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी खुशी कपूर के साथ जाह्नवी कपूर भी नजर आ रही हैं।श्रीदेवी ने आज ही के दिन यानी 24 फरवरी को साल 2018 में इस दुनिया को अलविदा कहा था। उनकी मौत की खबर सुनकर हर कोई सन्न रह गया था। अब आज उनकी पुण्यतिथि के मौके पर उनकी छोटी बेटी खुशी कपूर ने एक थ्रोबैक तस्वीर शेयर की है।खुशी कपूर ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम की स्टोरी पर मां के साथ एक पुरानी तस्वीर शेयर की है। इस फोटो में श्रीदेवी के साथ छोटी खुशी और उनकी बहन एक्ट्रेस जाह्नवी पोज देते हुए नजर आ रही हैं। इस तस्वीर को देख कर हर कोई इमोशनल हो रहा है।फोटो में दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी साउथ इंडियन लुक में नजर आ रही हैं और वहीं दोनों बहनें खुशी-जाह्नवी भी बेहद प्यारी दिख रही हैं।हाल ही में खुशी कपूर ने करण जौहर के फेमस चैट शो कॉफी विद करण 8 में श्रीदेवी की मृत्यु के बारे में बात की थी। एक्ट्रेस ने कहा, 'मुझे लगता है कि इसे स्वीकार करने में मुझे थोड़ा समय लगा था। मैं थोड़ा भ्रमित थी, मुझे नहीं पता था, लेकिन उस समय मेरे पास जाह्नवी थी और मेरे पिता थे'।बता दें कि जाह्नवी और खुशी दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी और फिल्म निर्माता बोनी कपूर की बेटियां हैं। जाह्नवी कपूर ने साल 2018 में धड़क से बॉलीवुड में डेब्यू किया और उसके बाद से उन्होंने अभी तक कई प्रोजेक्ट्स पर काम किया है। वहीं, खुशी ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' से की है। इस फिल्म में उनके साथ अगस्त्य नंदा और सुहाना खान भी नजर आए थे।




स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित

सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398

website:www.adhuniksamachar.com



नोट:- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।